श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 172, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 21 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट





# जघन्य: मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया

## 48 दिन बाद एफआईआर 77 दिन बाद गिरफ्तारी, महिलाओं से बर्बरता, बचाने आए भाई को मार डाला

**इंफाल: मणिपुर** में महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बुधवार को जब इस हैवानियत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सरकार लेकर आम लोगों तक सभी के होश उड़ गए। किसी को अपने आंखों पर भरोसा नहीं हो रहा था। मानवता शर्मसार हो रही थी। हालांकि, ये घटना चार मई को हुई, जबकि इसकी एफआईआर करीब डेढ़ महीने बाद 21 जून को दर्ज हुई। वहीं गुरुवार सुबह मामले में पहला आरोपी गिरफ्तार हुआ है। एक ओर जहां इसे घटना की देशभर में निंदा की जा रही है, वहीं अब इसको लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

**मणिपुर में चार मई को क्या हुआ था?:** पहाड़ी राज्य मणिपुर पिछले कुछ समय से जातीय हिंसा की चपेट में है, लेकिन अब एक वीडियो सामने आया है जिसमें महिलाओं को नग्न करके घुमाया जा रहा है। यह घटना राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 35 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले के गांव बी. फीनोम में हुई। ग्राम प्रधान द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, चार मई को शाम लगभग तीन बजे 900-1000 की संख्या में कई संगठनों से जुड़े लोग बी. फीनोम गांव में जबरदस्ती घुस आए। इनके पास एके राइफल्स, एसएल.आर इंसास और 303 राइफल्स जैसे अत्याधुनिक हथियार थे। हिंसक भीड़ ने सभी घरों में तोड़फोड़ की और फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन, कपड़े, अनाज सहित नकदी को लूटने के बाद सभी चल संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया।

**रोड ब्लॉक कर पुलिस से ग्रामीणों को छुड़ा लिया:** इसके अलावा पांच ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए जंगल की ओर भाग गए। बाद में उन्हें नॉनपाक सेकमाई पुलिस टीम द्वारा बचाया गया और वे नोंगनोक सेकमाई थाने के रास्ते में थे। इस बीच उन्हें रास्ते में एक भीड़ ने रोक दिया और नोंगपोक सेकमाई थाने से लगभग दो किलोमीटर दूर और 33 एआर सोमरेई चौकी से लगभग तीन किलोमीटर दूर भीड़ ने उन्हें पुलिस टीम की सुरक्षा से छीन लिया। इसके अलावा एक 56 साल के व्यक्ति की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी गई।

**बहन को बचाने आए भाई को भी मार डाला:** प्रधान ने बताया कि इसी दौरान भीड़ द्वारा तीन महिलाओं को उनके कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया और भीड़ के सामने निर्वस्त्र कर दिया गया। घटना से जुड़े वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पुरुष असहाय महिलाओं के साथ लगातार छेड़छाड़ कर रहे हैं, जो रो रही हैं और उनसे छोड़ने की गुहार लगा रही हैं। हैवानियत यहीं सीमित नहीं रही, एक 21 साल की लड़की का दिन दहाड़े बेरहमी से सामूहिक दुष्कर्म किया गया। जब 19 वर्षीय छोटे भाई ने अपनी बहन की अस्मिता और जान बचाने की कोशिश की, तो भीड़ में शामिल लोगों ने उसकी मौके पर ही हत्या कर दी। हालांकि, पीड़िता कुछ लोगों की मदद से मौके से भागने में सफल रहीं।

**घटना में आरोपियों पर केस किन धाराओं में दर्ज हुआ?**
घटना के एक महीने से अधिक समय बाद 21 जून को एफआईआर दर्ज की गई थी। मामला आईपीसी की धारा 153ए, 398, 427, 436, 448, 302, 354, 364, 326, 376 और 34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1सी) के तहत दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा दर्ज इस एफआईआर में भीड़ में शामिल करीब 1,000 लोगों पर कई आरोप लगाए गए हैं। इसमें विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना, घातक हथियार के साथ डकैती करना, आग लगाना, घर में जबरन घुसना, हत्या के लिए अपहरण करना, क्षति पहुंचाना, दुष्कर्म, हमला, गंभीर चोट पहुंचाना और आग्नेयास्त्र का उपयोग कर-के एक इरादे से हत्या करना

**अब तक इस मामले एक्शन क्या हुआ?**
इस घटना को लेकर जीरो एफआईआर कांगपोकपी जिले की सैकुल पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। बाद में इसे थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन को रेफर कर दिया गया।

### यह अस्वीकार्य है: चीफ जस्टिस



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने की घटना पर स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हमें इन तस्वीरों से धक्का पहुंचा है। हिंसा प्रभावित क्षेत्र में महिलाओं को सामान की तरह इस्तेमाल किया गया। अगर राज्य सरकार कार्रवाई नहीं करेगी, तो हम करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। चीफ जस्टिस ने अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को कोर्ट में तलब किया। जब कोर्ट सुनवाई के लिए बैठी तो चीफ जस्टिस ने कहा कि कल दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने वाला वीडियो परेशान करने वाला है। ये समय है जब सरकार वाकई में काम करे।

### 'मणिपुर की घटना से हृदय क्रोध से भरा है: मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'मेरा हृदय पीड़ा से भरा है, क्रोध से भरा है। मणिपुर की जो घटना सामने आई है, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। पाप करने वाले, गुनाह करने वाले, कितने हैं- कौन हैं, यह अपनी जगह है, लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। सभी मुख्यमंत्रियों से आग्रह करता हूं कि वे माताओं-बहनों की रक्षा करने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाएं।'

**घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए:** प्रधानमंत्री ने कहा कि 'अपने राज्यों में कानून व्यवस्था को और मजबूत करें। घटना चाहे राजस्थान की हो, छत्तीसगढ़ की हो या मणिपुर की हो, हम राजनीतिक विवाद से ऊपर उठकर कानून व्यवस्था और नारी के सम्मान का ध्यान रखें। किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा।

## महाराष्ट्र: रायगढ़ में लैंडस्लाइड में 48 घर बहे


### 13 की मौत; 120 लोग मलबे में दबे, 75 लोगों का रेस्क्यू किया गया



**मुंबई: भारी** बारिश के चलते महाराष्ट्र के रायगढ़ में बुधवार रात चट्टान खिसकने से 48 घर तबाह हो गए। हादसे में 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 75 लोगों का रेस्क्यू किया गया। 120 से ज्यादा लोग अभी मलबे में दबे हैं। इर्शालवाड़ी गांव में इन लोगों को रेस्क्यू करने के लिए एनडीआरएफ की टीमें मौके पर तैनात है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हादसे की जगह पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन ने अब तक 103 लोगों की पहचान की है, जो मलबे में दबे हुए हैं। इस जगह पर आना बेहद कठिन है और लगातार बारिश भी हो रही है। इसके बावजूद राहत कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश की जा रही है। मदद व पुनर्वासन मंत्री अनिल पाटिल ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो जख्मी लोगों को एयरलिफ्ट कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि मृतकों के परिवार को महाराष्ट्र सरकार की तरफ से 5 लाख की आर्थिक मदद दी जाएगी।

## राम रहीम को 30 दिन की मिली पैरोल



**चंडीगढ़**

**हरियाणा** सरकार ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख डा. गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की 30 दिन की पैरोल को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को सरकार ने पैरोल की सभी औपचारिकता पूरी करने के बाद यह मंजूरी दी। वे पैरोल पर बागपत जिला के बरनावा स्थित डेरा सच्चा सौदा के आश्रम में रहेंगे। उन्हें सिरसा डेरे में जाने की इजाजत नहीं है। हरियाणा सरकार की सिफारिश पर बरनावा आश्रम की सुरक्षा बढ़ाई गई है। आगामी 15 अगस्त को डा. राम रहीम सिंह इंसा का जन्मदिन भी है। जेल जाने के बाद यह पहला मौका होगा जब वे अपना जन्म दिन अनुयायियों के बीच मनाएंगे। अब से पूर्व उन्हें इसी साल जनवरी में 40 दिन की पैरोल मिली थी। कैद के 30 महीने में उनकी यह सातवीं पैरोल है।

## अहमदाबाद में जगुआर ने भीड़ को रौंदा, 9 की मौत

**अहमदाबाद: गुजरात** के अहमदाबाद में इस्कॉन ब्रिज पर देर रात एक जगुआर कार ने करीब 25 लोगों को रौंद दिया। 9 लोगों की मौत हो गई और 15 जख्मी हो गए। मरने वालों में एक पुलिस कॉन्स्टेबल और एक होमगॉर्ड जवान भी शामिल है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लोग 30 फीट दूर तक जा गिरे। पुलिस के मुताबिक, ओवरब्रिज पर एक महिंद्रा थार कार एक डंपर से पीछे से टकरा गई। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा थी। तभी राजपथ क्लब की ओर से 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही जगुआर ने भीड़ को कुचल दिया।

## बृजभूषण को शर्तों के साथ रेगुलर बेल मिली



**नई दिल्ली:** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष इखढ सांसद बृजभूषण शरण सिंह को नियमित जमानत दे दी है। कोर्ट ने कुश्ती महासंघ के सहायक सचिव विनोद तोमर सिंह को भी नियमित जमानत दे दी। कोर्ट ने दोनों को 25-25 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दी है। कागजातों की जांच के लिए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की गई है। बृजभूषण पर 6 बालिग महिला पहलवानों के यौन शोषण का केस चल रहा है। इस केस में पुलिस चार्जशीट पेश कर चुकी है। कोर्ट ने बृजभूषण को जमानत देते हुए कई शर्तें लगाईं। कोर्ट ने कहा कि आरोपी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शिकायतकर्ताओं या गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगे। कोर्ट की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेंगे। सुनवाई के दौरान पीड़ितों के वकील ने जमानत दिए जाने को लेकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि सांसद राजनीतिक रूप से ताकतवर हैं और वह गवाहों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं लिहाजा उनको जमानत नहीं दी जानी चाहिए। इस पर बृजभूषण के वकील ने आपत्ति जताते हुए कहा कि गवाहों को धमकाने जैसी कोई बात अभी तक नहीं हुई है। वैसे इस तरह की कोई शर्त अगर कोर्ट लगाता है तो हम उसका पूरी तरह से पालन करेंगे।

बृजभूषण शरण सिंह की ओर से वकील राजीव मोहन ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में जहां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है, वहां आरोपी कोर्ट से जमानत लेने का अधिकारी है। बृजभूषण भी कोर्ट में मौजूद रहे। इसके पहले दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा कि वह न तो जमानत का विरोध और न ही उसका सपोर्ट कर रही है।

## बाढ़ प्रभावित जिलों में जल्द होंगे हालात सामान्य : भगवंत

**चंडीगढ़:** पंजाब के बाढ़ प्रभावित जिलों में लोगों को संकट से बाहर निकालने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि वह पठानकोट से सरदूलगढ़ तक राज्य भर में बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ से लोगों को हुए नुकसान के एक-एक पैसे की भरपाई करेगी। गुरुवार को जारी बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से राज्य में बाढ़ की स्थिति पर नजर रखी हुई है। राज्य सरकार बाढ़ पीड़ितों को समय पर राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस नेक काम के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें जरूरी मदद दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य प्रशासनिक मशीनरी लोगों की मदद के लिए पहले से ही पूरी तरह सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव कार्य चलाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**भारत काला सागर के जरिए खाद्यान्न आवाजाही को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रयासों का करता है समर्थन**

## वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में आयोजित होगी जी-20 वार्ता



**नई दिल्ली: विदेश** मंत्रालय ने गुरुवार को कहा है कि सितंबर में आयोजित होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन सभी विश्व नेताओं की मौजूदगी में संपन्न होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि जी-20 शिखर वार्ता के लिए सभी सदस्य देशों और आमंत्रित देशों के नेताओं को निमंत्रण भेजा गया है। भारत को अपेक्षा है कि सभी नेता सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रवक्ता से दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल होने के संबंध में सवाल पूछा गया था। उल्लेखनीय है कि अगस्त में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पुतिन स्वयं जोहानेसबर्ग नहीं जाएंगे। उनकी ओर से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रपति पुतिन स्वयं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सम्मेलन में शिरकत करेंगे। रूस के राष्ट्रपति के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। दक्षिण अफ्रीका इस जुड़ी संधि में हस्ताक्षरकर्ता है। वहां की सरकार के लिए यह असमंजस की स्थिति है कि पुतिन के दक्षिण अफ्रीका आने पर गिरफ्तारी वारंट पर अमल किया जाए या नहीं।

**मुख्यमंत्री ने हरसंभव मदद का दिया भरोसा. मुख्यमंत्री ने होमगार्ड जवानों को दी श्रद्धांजलि**

## चमोली हादसा: दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: धामी



**देहरादून: मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने चमोली हादसे के शिकार हुए लोगों के परिजनों से मिलकर भावुक हो गये। इस दौरान वे हरसंभव मदद का भरोसा देते हुए कहा कि दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की जायेगी, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चमोली पहुंचे। चमोली हादसे में हताहत लोगों के परिजनों से मिलकर मुख्यमंत्री काफी भावुक नजर आए। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। पुलिस मैदान गोपेश्वर में मुख्यमंत्री ने चमोली हादसे में हताहत होमगार्ड के तीनों जवानों के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये बहुत हृदयविदारक घटना है।

राज्य सरकार की तरफ से मुआवजा, इलाज आदि से संबंधित सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की जायेगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, विधायक एवं अधिकारी मौजूद थे।

## पंजाब: नदियों में आई दरारों को जल्द भरने के निर्देश

**चंडीगढ़। पंजाब** के जल स्त्रोत मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने गुरुवार को समीक्षा बैठक करके पंजाब और पहाड़ी इलाकों में रिकार्ड तोड़ बारिश से कई जिलों में पैदा हुई बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बचाव और राहत कामों के काम में तेजी लाने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

मीत हेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की नजर बाढ़ की स्थिति पर है और वह निरंतर विभाग से रिपोर्ट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री के निदेशों पर विभाग डैमो, नदियों, नहरों में पानी की स्थिति पर नजर रख रहा है और दरार भरने के काम को तेजी के साथ किया जा रहा है। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव जल स्त्रोत कृष्ण कुमार ने मौजूदा स्थिति के बारे में रिपोर्ट पेश की और चल रहे कामों का ब्योरा दिया। जल स्त्रोत मंत्री ने आंकड़े देते हुए बताया कि रोपड़ में जुलाई महीने में कुल औसतन 288 मिलीमीटर बारिश पड़ती है, परन्तु इस बार सिर्फ. दो दिनों में ही मिलीमीटर बारिश हुई। इसी तरह मोहाली में जुलाई महीने कुल औसतन 208. 6 मिलीमीटर बारिश पड़ती थी, लेकिन इस बार दो दिनों में 266 मिलीमीटर पड़ी। पूरे पंजाब की बात करें तो राज्य में जुलाई महीने 161.4 मिलीमीटर बारिश होती थी और इस बार दो दिनों में ही 83.4 मिलिमीटर बारिश हुई। पंजाब के नदियों में आए पानी के पीछे हिमाचल प्रदेश में हुई बारिश भी मुख्य कारण है। हिमाचल प्रदेश में औसतन जुलाई महीने 255. 9 मिलीमीटर बारिश होती है, जबकि 9 और 10 जुलाई को दो दिनों में ही 195.8 मिलीमीटर बारिश हुई।

उन्होंने बताया कि आज सुबह की रिपोर्ट के अनुसार भाखड़ा डैम में इस समय पानी का स्तर 1648.12 फुट है, जबकि क्षमता 1680 फुट है। पौंग डैम में पानी का स्तर 1374 फुट है, जबकि क्षमता 1390 फुट है।

# प्रधानों ने बीडीओ के खिलाफ जमकर काटा बवाल

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व मे मेजा ब्लाक के सभागार में आयोजित चिंतन गोष्ठी कार्यक्रम में प्रदेश सरकार से प्रधान अपनी जायज मांगों को लेकर एक जुट होकर रणनीत पर चर्चा कर रहे थे।इसी बीच प्रमुख प्रतिनिधि की कार्यक्रम में इंट्री हो जाती है। कार्यक्रम में मौजूद प्रधान और संगठन के पदाधिकारी बार बार कार्यक्रम में बीडीओ मेजा को बुलाने की मांग कर रहे थे। जिस पर कार्यक्रम को लेकर पूर्व से तिलमिलाये प्रमुख प्रतिनिधि बीडीओ मेजा को लेकर ऐसी बात बोल दिया जिससे वहां मौजूद प्रधान व संगठन के पदाधिकारी भड़क उठे और भ्रष्टाचार मे लिप्त बीडीओ के खिलाफ हुंकार भरते हुए जमकर कर नारेबाजी कर बवाल काटा। कार्यक्रम को बीच में ही स्थगित करते हुए कहा कि बीडीओ मेजा का स्थानांतरण नहीं हुआ तो सभी प्रधान लाम बंद होकर ब्लाक में ताला बंदी कर धरना प्रदर्शन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को मेजा ब्लाक के सभागार में अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों द्वारा ग्राम स्वराज्य जागृति अभियान के तहत चिंतन गोष्ठी आयोजित की गई थी जिसमें ग्राम प्रधानों द्वारा अपनी जायज मांग ग्राम पंचायतों को प्रदत्व केंद्रीय वित्त आयोग की धनराशि से तीस प्रतिशत की कटौती करके उसे क्षेत्र पंचायतों व

**संगठन की बैठक में लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, स्थानतरण की मांग**




जिला पंचायतों को आवंटित किया जाना उसे वापस लेने, प्रधानों व सभी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियो के विरूद्ध अभियोग पंजीकरण के पूर्व उप निदेशक पंचायतीराज से अनुमत का प्राविधान से किया जाय तथा बिना शपथपत्र के प्रधानों की जांच न कराई जाय। झूठी शिकायत पर शिकायतकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही अनिवार्य की जाय।पंचायतों में प्रयोग होने वाली सामग्री ईंट, मोरंग, सरिया, सीमेंट बाजार दर के अनुरूप किया जाय।पंचायत से जुडे राजस्व कर्मी आगनवाड़ी, कोटेदार, प्राथमिक विद्यालयों की अध्यापकों की उपस्थित कार्य प्रमाणन निलंबन की संस्तुति सभी मामलों में पंचायतों को पूर्ण अधिकार दिया जाय। ग्राम पंचायतों से ली गई जीएसटी ग्राम पंचायत को वापस किया जाय। सांसदों एव विधायकों की भांति ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को वेतन एव पेंशन तथा निशुल्क चिकित्सा सुविधा देने, ग्राम पंचायत के राजस्व के खाते में दर्ज तालाबों की नीलामी का पैसा एसडीएम के खाते में देने के बजाय ग्राम सभा के खाते में देने, सांसद एव विधायकों की तरह प्रधानों एव बीडीसी सदस्यो का टूल टैक्स माफ करने एव परिवहन पास मुख्यालयों पर देने, ग्राम पंचायतों में चल रही गौशालाओं की देखरेख के लिए पशुपालक एव प्रति पशु तीस रुपए के बजाय 70 रूपए करने तथा प्रधानों एव बीडीसी सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों को सुरक्षा के मद्दे नजर शस्त्र लाइसेंस जारी करने में प्राथमिकता देने आदि की मांगो को लेकर चिंतन गोष्ठी में चर्चा चल रही थी, जिसमे संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सभी प्रधानों को एक जुट होने तथा प्रदेश सरकार से अपनी मांगो को प्रदेश सरकार से लागू कराने के बारे मे मंत्रणा की जा रही थी। साथ ही साथ मेजा ब्लाक में तैनात बीडीओ ओम प्रकाश गुप्ता को प्रधानों के कार्यो में व्यापक पैमाने पर की जा रही कमीशन खोरी एवं भ्रष्टाचार में लिप्त बीडीओ के स्थानांतरण को लेकर गोष्टी में मौजूद प्रधान मांग कर रहे थे। इसी बीच ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र भी गोष्ठी में आ पहुंचे। प्रधानों ने प्रमुख प्रतिनिधि से बीडीओ ओम प्रकाश गुप्ता को गोष्टी में बुलाने का आग्रह किया। जिस पर ब्लाक कैम्पस में आयोजित अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन कार्यक्रम से तिलमिलाए गंगा प्रसाद मिश्र ने बीडीओ का पक्ष लेते हुए ऐसी बात बोल दिया जिससे चिंतन गोष्ठी में मौजूद प्रधान व संगठन के पदाधिकारी भड़क उठे और सभागार में ही बीडीओ मेजा के खिलाफ हुंकार भरते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए भारी बवाल काटा। बाद में स्थिति बिगड़ते देख प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद ने नाराज ग्राम प्रधानों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने और कार्यक्रम को स्थगित करते हुए कहा कि बीडीओ मेजा का स्थानांतरण नहीं हुआ तो वे ब्लाक में ताला बंदी कर सामूहिक रूप से स्तीफा देंगे। कार्यक्रम का संचालन अनिल शुक्ला ने किया।इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष उरुवा राजेश द्विवेदी, प्रदेश अध्यक्ष( अल्पसंख्यक ),काजी मुहम्मद मुअज्जम काजी,प्रेदश अध्यक्ष नीलम पथिक, मंडल अध्यक्ष कमल मिश्रा, जिला अध्यक्ष कंचन मिश्रा, संजय कुशवाहा,जिला अध्यक्ष सुरेश तिवारी, रामजी यादव, आशीष सिंह, शिव कुमार शुक्ला, विजय बहादुर सिंह, पंकज राव, अखिलेश यादव, के अलावा मेजा ब्लाक के कई अन्य प्रधान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## खाना न बनाने पर कैंटीन चला रही समूह की महिला को बीडीओ ने दी धमकी

**मेजा।** महिला स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिला सुनीता देवी मेजा ब्लाक में कैंटीन खोल रखी है। जहां चाय,नाश्ता के सहारे वह जीवन यापन कर रही है। बीते तीन दीन पूर्व भ्रष्टाचार में लिप्त बीडीओ ओमप्रकाश गुप्ता भ्रमण करते हुए उसकी कैंटीन पर पहुंचे। कुशलता पूंछते हुए कहा ब्लाक कैम्पस में कैंटीन चलाती हो मुझे सुबह दस बजे और रात में दस बजे मेरे आवास पर खाना बनाकर लेकर आओगी। समूह की महिला द्वारा ऐसा करने में असमर्थता जाहिर किया तो ब्लाक कैम्पस में ही स्थित जल निगम में संविदा पर कार्यरत उसके पति श्यामबहादुर को काम से हटा दिया और ब्लाक में उसकी इंट्री पर रोक लगा दी। बीडीओ मेजा के इस कारनामे से प्रधान व संगठन पदाधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है।

## न्यूज झरोखा

### जीवन अमूल्य है,अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहें: मनीष



**करछना।** सड़क पर गुजरते समय अक्सर लापरवाही करने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ और जल्दबाजी में हम दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। ऐसे में सड़क यातायात के नियमों का पालन करते हुए हम सबको अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने की जरूरत है। यह बातें क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने बच्चों के बीच कही। उन्होंने यातायात और सड़क सुरक्षा के नियमों का स्वयं पालन करने के साथ-साथ अपने घर परिवार और पास-पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। प्रवक्ता प्रदीप कुमार और मो.परवेज सिद्दीकी ने बच्चों को छुट्टी के बाद साइकिल से एक साथ सड़क पर गुजरने और आपस में बातचीत करते हुए जाने से बचने के लिए आगाह किया। शिक्षकों ने भी यातायात के नियमों को समझाते हुए बच्चों को जागरूक किया। इसके पूर्व सभी बच्चों ने यातायात नियमों का पालन करने और सड़क पर सुरक्षा के प्रति संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक,कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

### भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने किया लोगों से जनसंपर्क



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार के मण्डल सहसों के शक्ति केन्द्र चकिया घरहरा के समस्त बूथों पर ग्रामीणों से जनसम्पर्क किया गया। जिसमे नेतृत्व करते हुए वीरेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर ने घर घर जा कर ग्रामीण मतदाताओं से मोदी सरकार की 9 साल बेमिसाल की उपलब्धियां लोगों को बताया और पत्रक बांटते हुए घर घर स्टीकर भी चिपकाए गए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सहसों अनिल सरोज, शक्ति केन्द्र सयोजक संतोष सिंह, विंध्यवासिनी प्रसाद मिश्रा, विमल सिंह, अलोक सिंह, अमन सिंह राजपूत, आनंद कुमार पाण्डेय,राम शुक्ला, कृष्ण मुरारी शुक्ला आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया स्थापना दिवस किया पौधारोपण





**सहसों।** बैंक ऑफ बड़ौदा का स्थापना दिवस देश के समस्त शाखाओं में गुरुवार को मनाया। इसी प्रकार सहसों बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के 116वें स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा सहसों की तरफ से प्राथमिक विद्यालय सिंगरामऊ में बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया। तथा बच्चों में उपहार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर ऋण अधिकारी अपूर्व सती चंद्रा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं इनकी अच्छी शिक्षा दीक्षा ही देश को महान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। शाखा की तरफ से सहसों चौराहे तथा बाजार में सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण कर उन्हें सुरक्षित करने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता चन्द्रेश केसरवानी, गुनीत चोपड़ा, संतोष मिश्रा सहित सम्मानित ग्राहक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है- प्रबंधक



**जंघई।** बैंक आफ बड़ौदा के 116 वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को शाखा प्रबंधक जंघई अजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल एवं राजकीय हाईस्कूल विद्यालय चनेथू के प्रांगण विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार पौधे लगाए गए। पौधारोपण करने के बाद प्रबंधक अजय कुमार पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है। पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। क्रेडिट मैनेजर नीतीश उपाध्यक्ष ने पौधारोपण करते हुए कहा कि एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है उन्होंने कहा कि कुछ लोग अज्ञानता और स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं इससे पर्यावरण को नुकसान होता है। पौधारोपण करने वालों में श्रीकांत दुबे, बाबा तिवारी, कृष्णराज शुक्ल, मुकेश शुक्ल, अरुण कुमार, राधेश्याम शर्मा, रामबहादुर, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

### बैंक आफ बड़ौदा के 116 वा स्थापना दिवस



**कोरांव।** बृहस्पतिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के 116वे स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रयागराज के महापौर श्री उमेश चंद्र गणेश केसरवानी जी ने बैंक ऑफ बड़ौदा के कीडगंज शाखा में केक काटकर बधाई दी। इस मौके पर मुख्य शाखा प्रबंधक श्री विजय कुमार,क्षेत्र कार्यालय से मीना, अंकित, बेलाल अहमद,नितिन, राजीव, हीरा लाल, चंदन, निधि, शिवम, एवम सम्मानित ग्राहक शिव बालक केसरवानी व राजेंद्र शैलेश उपस्थित रहे।

# सपा ने बनाया राजेश पांडे को जिला को जिला उपाध्यक्ष और मेहताब खान को नगर अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** प्रयागराज आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के दिशा निर्देश पर जिला अध्यक्ष प्रयागराज यमुनापार पप्पू लाल निषाद ने ब्राह्मण समाज से जिले के चर्चित किसान नेता राजेश पांडे को समाजवादी पार्टी यमुनापार का जिला उपाध्यक्ष और साथ ही साथ विधानसभा कोरांव का प्रभारी मनोनीत किया है एवं मेहताब खान को लगातार दूसरी बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया सपा नेताओं के मनोनयन पर जहां पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों में उत्साह व्याप्त है वही क्षेत्रीय जन भी पार्टी के द्वारा लिए गए निर्णय की भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा कि उक्त सपा नेताओं की मनोनयन से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी और पूर्ण रुप से विश्वास है कि नवनियुक्त नगर अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष पार्टी के मान सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष राजेश पांडे ने कहा कि जिस प्रकार से समाजवादी पार्टी के उच्च नेताओं के द्वारा हमारे संघर्ष को देखते हुए हमारा मान बढ़ाने का कार्य किया है उसी प्रकार हम भी संगठन की मजबूती और कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए हर संभव लड़ाई लड़ने का प्रयत्न करूंगा।



दूसरी बार लगातार नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर सपा नेता मेहताब खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकताओं के संघर्ष को तरजीह दिया जाता है और बिना किसी भेदभाव के कार्यकताओं को उचित स्थान दिया जाता है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से संदीप पटेल विधायक रामदेव निडर पूर्व प्रत्याशी राजू चौबे लालजी पाल निराला रविंद्र जैसल दिनेश पटेल रामानुज यादव यादवेंद्र अहीर मंगला कोल मंगल देव कोल अनीता शुक्ला सुमन कोल कृपाशंकर बिंद इंजीनियर जगदीश यादव जयशंकर भारतीय पवन सोनकर नौशाद अंसारी सहादत अली दीपक पटेल अनुज जायसवाल बंसराज यादव अखिलेश यादव राम गोपाल सिंह भागीरथी केसरी गुलफाम खान आदि लोग रहे।

## रामलीला समिति के अध्यक्ष बने सचिन साहू, महामंत्री मुदित खत्री

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के ऐतिहासिक रामलीला समिति की बैठक में नये लोगों को लेकर पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सचिन साहू को अध्यक्ष व मुदित खत्री को महामंत्री को चुना गया। मऊआइमा नगर पंचायत में होने वाले ऐतिहासिक विजय दशमी एंव भरत मिलाप समिति का पुनर्गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सचिन साहू,संरक्षक मनोज कुमार साहू, कृष्ण चन्द्र केसरवानी, शारदा प्रसाद मौर्या, उपाध्यक्ष प्रवीण केसरवानी, विनोद मोदनवाल, जगदीश खत्री, महामंत्री मुदित खत्री, उपमहामंत्री अशोक साहू, अनिल कुशवाहा, कोषाध्यक्ष बिन्देश्वरी केसरवानी, मुख्य प्रबंधक प्रदीप केसरवानी, प्रबंधक डाक्टर नन्दलाल मौर्या, मेला प्रबंधक संजय साहू, उपमेला प्रबंधक राजेश गुप्ता, विमलेश मौर्या, मेला नियंत्रक बनारसी साहू, राहुल मौर्या, राजीव केसरवानी, शोभायात्रा नियंत्रक राजेंद्र प्रसाद साहू ,बिजलू चौरसिया,, आय व्याय निरीक्षक प्रतापचन्द्र केसरवानी, दुगार्पूजा संयोजक गिरजा शंकर पांडेय, राहुल, रामदल प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद मौर्या, नरेश केसरवानी, भरतदल प्रबंधक केदारनाथ केसरवानी, रामू सोनी, अखिलेश जायसवाल, राज कुमार मोदनवाल, हनुमान दल प्रबंधक अतुल कुमार साहू, सुशील कुमार जायसवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी नगर पंचायत सदस्य रवि गुप्ता ,राकेश कुमार का चयन किया गया।

## खंड शिक्षा अधिकारी शिव अवतार ने संभाला कार्यभार, शिक्षक संघ ने किया स्वागत



**शंकरगढ़।** तबादले पर शंकरगढ़ आए खंड शिक्षा अधिकारी शिव अवतार ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। गुरुवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद बीईओ ने शिक्षकों से मुलाकात की। इस दौरान शिक्षक संघ के बैनर तले बीईओ का स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी शिव अवतार ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के उत्थान के लिए शिक्षक पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करें। निपुण का लक्ष्य हासिल करें। विद्यालय में शिक्षा का ऐसा माहौल बनाएं, जिससे कान्वेंट में पढ़ने वाले बच्चों को भी यहां आकर पढ़ने का मन करे। कक्षाओं में पठन-पाठन नियमित रूप से और अच्छे माहौल में सुचार रूप से संचालित करें। कहा कि किसी भी अध्यापक को यदि कोई परेशानी हो तो वह उनसे मिलकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकता है। शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। बशर्ते, स्कूल का पठन-पाठन दुरुस्त होना चाहिए। इस दौरान स्वागत करने वालों में राजेश सिंह अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ प्रयागराज, नारायण सिंह ब्लॉक अध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षक संघ शंकरगढ़, वीरेंद्र सिंह, नृपेंद्र सिंह, मनीष सिंह, शेष प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, राजेंद्र सिंह, विजय कुमार सिंह, सुभांक पांडेय, सचिव कुमार, सोनू मिश्र,अजय सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## बेलन व सुखड़ा मुख्य नहर में नहीं आ रहा पानी, किसानों में मचा हाहाकार



**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के नहरों में पानी न आने से किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। खेतों में धूल उड़ती देखकर किसान काफी चिंतित व परेशान हैं। अदवा बांध से आच्छादित बेलन व सिरसी बांध से आच्छादित सुखड़ा मुख्य नहरो में पानी न आने से किसानों की तैयार धान की नर्सरी भी सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। सुखड़ा मुख्य नहर में पानी न आने के कारण घूघा, माडफा कला, सलैया, बरहुला कला, छडगड़ा, पटेहरी, गौहानी, आदि गावो में किसानों के नर्सरी सूख रही हैं। जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं। क्षेत्र के सभी किसानों की नर्सरी अब तैयार है। पानी के अभाव में रोपाई नहीं हो पा रही है। जब किसान जेई से बात करते हैं तो उनका फोन रिसीव नहीं होता है। इसी प्रकार बेलन मुख्य नहर से कई उप नहरे निकली हुई है। सभी नहरें सूखी पड़ी हैं। जिससे किसानों के धान के रोपाई का कार्य काफी पिछड़ता जा रहा है। ग्राम पंचायत घूघा के किसान धर्मेंद्र प्रताप सिंह, राजेश्वरी सिंह, शोभनाथ सिंह, रामचंद्र सिंह भगवान सिंह, गोपी कोल आदि किसानो ने जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षेत्र के सभी नहरो में अबिलम्ब पानी पहुंचाने की मांग की है।

# कटर से कुंडी काटकर चोरों ने की लाखों की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।** कोरांव बाजार में स्थित गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के ठीक सामने एक घर को बीती रात्रि को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए कटर से कुंडी काटकर लाखों के आभूषण व कीमती कपड़े लेकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक आदर्श प्रताप सिंह निवासी ओबरी थाना कोरांव का कोरांव बाजार में गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के ठीक सामने मकान है। परिवार के लोग कोरांव में ही रहते थे। लेकिन बीती रात्रि को लोग पैतृक गांव ओबरी चले गए थे। घर में किसी के न होने का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने घर के सामने लगे दरवाजे की कुंडी को कटर से काटकर अंदर घुस गए। अंदर कमरों की भी कुंडिया तोड़कर अलमारी व बाक्स के ताले तोड़कर घर को जमकर खंगाला और आभूषण व कीमती कपड़े अरहर की दाल चोर उठा ले गए। जबकि अन्य सामान घर में ही बिखेर दिए। गुरुवार



को जब दोपहर बाद 2 बजे के आसपास गृहस्वामी पहुंचा तो घर का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। अंदर घुसा तो देखा कि पूरे सामान इधर-उधर बिखरे हैं। अलमारी व बॉक्स के ताले टूटे हुए हैं। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पहुंची पुलिस ने चोरी की घटना का निरीक्षण करते हुए विधिक कार्रवाई में जुट गई। आदर्श प्रताप सिंह के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि 19 जुलाई को घर में किसी के न होने का फायदा उठाते हुए चोर घर के अंदर घुस गए। जिसके बाद कीमती कपड़े, कान का एक तोले का झुमका, डेढ़ तोले का मंगलसूत्र, सोने अंगूठी अठआना, लक्ष्मी गणेश की चांदी की मूर्ति, दो पायल चांदी का पांच तोला, नौ साड़ी बैग सहित अरहर की दाल उठा ले गए।

## चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के कंचनपुर में कपडे की दुकान का शटर तोड कर चोरों ने हजारों रुपए की टी शर्ट, जींस आदि चोरी के मामले पुलिस ने दो दिन बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। मऊआइमा के सकरामऊ निवासी गांव मंगेश पटेल पुत्र आशापाल पटेल कंचनपुर हाईवे चौराहे पर कपडे की दुकान खोले हुए हैं।बताया गया है कि गत दिनों एक बोलोरो पर से आए चोरों ने दुकान का शटर तोड कर पचास हजार के करीब चोरी कर ले गए। चोरी का पूरा प्रकरण सीसी कैमरे में कैद हो गया था। परन्तु पुलिस मुकदमा नहीं लिख रही थी। गुरूवार को मऊआइमा पुलिस ने मंगेश पटेल की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# सहकर्मियों ने दी मृतक कर्मचारी के परिवार को आर्थिक मदद

**फूलपुर विकास खण्ड में साथी कर्मचारियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** साथ में नौकरी करने वाला सहकर्मी परिवार के एक सदस्य के रूप में होता है। इस लिए उसके एवं उसके परिवार के सुख दुख में सदैव शामिल होना चाहिए। यह बातें गुरुवार को फूलपुर विकास खण्ड के सभागार कक्ष में मृतक कर्मचारी (पंचायती राज विभाग) राकेश कुमार की विधवा पत्नी को आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए सहकर्मियों ने कही। खण्ड विकास अधिकारी एच पी वर्मा एवं सहायक विकास अधिकारी गुलाब चन्द पाण्डेय ने इस पुनीत कार्य में मदद करने वाले सभी कर्मचारियों की सराहना की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मृतक की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन



रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें की मृतक राकेश कुमार पंचायतीराज विभाग में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे। वह फूलपुर विकास खण्ड के अगहुआ ग्राम पंचायत में अपना योगदान दे रहे थे। फूलपुर क्षेत्र के कनौजा गांव निवासी मृतक राकेश की एक पुत्री भी है। मौके पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ फूलपुर के ब्लाक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, महामंत्री प्रदीप कुमार, अजय वर्मा, रमेश कुमार, शोभनाथ, धनंजय, संतोष कुमार गौतम, राजेश कुमार, दीपचंद, श्याम लाल, जयराम, शिवपूजन सरोज, प्रमोद यादव सहित दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।



## विद्यालय में उमस एवं गर्मी से छात्र हुआ बेहोश

**करछना।** ब्लॉक संसाधन केंद्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत झीरी लच्छीपुर प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को कक्षा 3 में पढ़ रहे एक नौनिहाल की गर्मी एवं उमस के चलते विद्यालय में ही बेहोश होकर गिर पड़ा उसकी हालत देखकर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने आनन-फानन में उसे अस्पताल भिजवाया इन दिनों ऐसी कई घटनाएं स्कूलों में छात्रों के बेहोश होकर गिरने गर्मी से बेहाल होने के कारण घटनाएं कई घटित हो चुकी हैं अधिकांश विद्यालयों में कागजों पर सभी सुविधाएं मेंटेन दिखाई गई है लेकिन स्कूलों में बिजली पंखा आदि उपकरण सुविधा के नाम पर कोसों दूर हैं जिसके चलते नौनिहालों को उमस भरी गर्मी में शिक्षण के दौरान बेहोश होने की समस्याएं उभर कर सामने आ रही हैं कहीं-कहीं बस्ती में विद्यालय बने हैं जहां बाहरी हवा खिड़कियों में प्रवेश न करने से प्राकृतिक हवा भी छात्रों को इस विद्यालय परिसर में नसीब नहीं होता जिसके कारण उमस भरी गर्मी से नौनिहाल छात्र बेहोशी के हालत में गिरकर एक कारण बनते जा रहे हैं संबंधित शिक्षण विभाग विद्यालयों में बिजली पंखा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की जरूरत है।

# सद्भावना ग्राम योजना गांवों के विकास में नई किरण का मार्ग प्रशस्त करेगी : कमिश्नर

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विकास खंड में गुरुवार को आयोजित सद्भावना ग्राम योजना अंतर्गत विकास को आगे बढ़ाने को लेकर पूर्व मंडलायुक्त डॉ अजय शंकर पांडे के पहल पर विकासखंड करछना में वर्तमान प्रधानो एवं पूर्व प्रधानों को एक मंच पर लाने के लिए गोष्ठी आयोजित कर गांव के विकास में सहयोगी बने की पहल पर सद्भावना संदेश दिया इस कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया था इसके पूर्व में करछना ब्लाक मुख्यालय पर 15 जून को पूर्व प्रधानो को शामिल किया गया था, जिसमें पूर्व प्रधानो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, दूसरी पारी की बैठक में वर्तमान प्रधानो को ठीक एक माह बाद 20 जुलाई गुरुवार को ब्लाक सभागार में आयोजित सद्भावना ग्राम योजना की बैठक में शामिल विजेता प्रधानो की संगोष्ठी में उपस्थित में डॉ अजय शंकर पांडेय पूर्व कमिश्नर, ने प्रधानों को बताया कि सद्भावना ग्राम योजना का क्रियान्वयन किया गया है परिणाम स्वरूप पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यशैली में परिवर्तन लाना और ग्रामीण विकास में सभी प्रतिनिधियों यहां तक कि पंचायत चुनाव में विपक्षी पराजित उम्मीदवारों को भी साथ लेकर ग्रामीण विकास का कारवां सौंदर्य पूर्ण क्षेत्र में तिब्बत से प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करने का प्रयास किया जा रहा है प्रयागराज एक सांस्कृतिक ऐतिहासिक सामाजिक सद्भावना की नगरी है के रूप में विख्यात है इस परंपरा को शुद्ध और समृद्ध बनाने के लिए इस योजना का सफल क्रियान्वयन पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय होगा तथा उन्होंने अपील किया कि सद्भावना करने के लिए काफी पहल




और प्रयासों से मेरा सदैव आपके साथ हैं और हमेशा रहेगा इस अवसर पर प्रधान धीतेश तिवारी, अवतार किशन सिंह,व प्रधान चंदन ने गांवों में राजस्व विभाग से जुड़े गंभीर प्रकरण के मुद्दों को गंभीरता से उठाया, कार्यक्रम में मुख्य रूप खंड विकास अधिकारी करछना धीरेश गुप्ता एडीओ पंचायत रमा कान्त पांडेय, प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट,महा मंत्री धीतेश तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नागेन्द्र पांडेय प्रधान पनासा, परमानंद मौर्य, धर्मराज पटेल, विजय शंकर तिवारी, कमला कांत शुक्ला, शैलेन्द्र शर्मा, बजरंगी, वृजनंदन तिवारी, राम सकल, महेश कुमार, आदित्य कुमार पौडवाल, अमित सिंह मनीष यादव राम सकल संजीव श्रीवास्तव सहित ब्लॉक के कर्मी एवं ग्राम पंचायतों बडी संख्या में विजेता प्रधानो ने सहभागिता की।







# जिलाधिकारी ने किया आपदा से बचाव हेतु राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का अवलोकन

## मॉक एक्सरसाइज के अन्तर्गत बाढ़ पीड़ितों एवं बाढ़ से प्रभावित पशुओं एवं आम जनमानस को रेस्क्यू करके कैसे बचाव किया जा सकता है, का किया गया रिहर्सल/मॉकड्रिल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम क्षेत्र के वीआईपी घाट पर राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तत्वाधान में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया, जिसके तहत कोई आपदा आती है, तो कितना जल्दी उससे बचाव किया जा सकता है, के बारे में मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से जानकारी दी गयी। ई.ओ.सी. द्वारा बताया गया कि अतिवृष्टि के कारण धूस्सा घाट पर जलस्तर बढ़ रहा है और एसडी आरएफ जल पुलिस, पीएसी की दोनों टीमे एवं आर्मी की टीम घटना स्थल के लिए रवाना कर बाढ़ पीड़ितों एवं बाढ़ से प्रभावित पशुओं एवं आमजनमानस को रेस्क्यू करके कैसे बचाव किया जा सकता है, का रिहर्सल/मॉकड्रिल किया गया। सेना के जवानों एवं गोताखोरों की मदद से खोज एवं बचाव कार्य सम्पादित किया गया, जिसके पश्चात प्रभावित व्यक्तियों एवं पशुओं को मेडिकल कैम्प पर पहुंचाया गया एवं कैम्प पर उपस्थित चिकित्सकों द्वारा बाढ़ प्रभावित पशुओं एवं



व्यक्तियों का इलाज का रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, कर्नल विकास खरे, मेजर विनोद भलोटिया, होमगार्ड टीम, राकेश कुमार तिवारी, प्रभारी उप नियन्त्रक नागरिक सुरक्षा एवं जनार्दन, जल पुलिस के नेतृत्व में एसडीआरएफ, पीएसी 4 वीं बटालियन, पीएसी 42 वी बटालियन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से डा. संजय बरनवाल व उनकी टीम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के कार्यालय से डा. प्रेम कुमार सिंह एवं डा. एमपी सिंह व उनकी टीम, विनय सिंह, उप चकबन्दी अधिकारी, सदर, अन्तिम कुमार श्रीवास्तव, प्रधान आपदा सहायक सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इविवि गेट पर धरने पर बैठे पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर

## प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में पहुंचे थे, प्रशासन ने विवि के गेट पर ही रोका

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर इलाहाबाद विश्ववृविद्यालय में बुधवार को धरने पर बैठे छात्रों से मिलने पहुंच गए। वहां पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें परिसर में जान से रोक दिया। जिसके बाद पूर्व पुलिस अधिकारी गेट के आगे ही धरने पर बैठ गए। इविवि में छात्र की मौत मामले में प्रशासन की लापरवाही के विरोध में व अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे छात्रों को समर्थन देने के लिए अमिताभ ठाकुर इलाहाबाद विश्वविद्यालय पहुंचे थे। अमिताभ ठाकुर पिछले दिनों छात्र आशुतोष द्विवेदी के पिता से मिले। उसके बाद वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय पहुंचे थे, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने कैंपस में जाने से रोक दिया। इसको लेकर अमिताभ ठाकुर और पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस और विवि प्रशासन के रवैये से नाराज होकर पूर्व आईपीएस विश्वविद्यालय के गेट पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में बड़ी संख्या छात्रनेता अपने समर्थकों के साथ भी बैठ गए। अमिताभ ठाकुर मृतक छात्र आशुतोष दुर्बे के पिता के साथ छात्रसंघ भवन पर पहुंचे थे। जब वह छात्रसंघ



भवन पर पहुंचे तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रसंघ भवन का गेट बंद कर दिया और उनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। चीफ प्रॉक्टर राकेश कुमार सिंह नारा लगा रहे थे, अमिताभ ठाकुर वापस जाओ। प्रशासन ने अमिताभ ठाकुर को अंदर नहीं घुसने दिया। जिसके बाद छात्रों ने इसका विरोध किया। छात्रों के विरोध करने के बावजूद प्रशासन ने गेट नहीं खोला। अमिताभ ठाकुर ने गेट पर ही छात्रों से वार्ता की और आशुतोष दुबे को न्याय दिलाने के लिए छात्रों के साथ मिलकर रणनीति तैयार की। इस मौके पर अमित पांडेय रफ्तार, आदर्श, निशांत, शिवेंद्र यादव, आकाश, सुधीर कतिकारी, भानु, अनुराग, हीरंद्र, आदित्य व सौरभ आदि मौजूद रहे।

# जंक्शन में मुंबई से लौट रहे जौनपुर के व्यक्ति की मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जंक्शन में मुंबई से साल भर बाद घर लौट रहे जौनपुर के रहने वाले व्यक्ति की प्रयागराज जंक्शन पर अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे रेलवे हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पता चलने पर उसके बेटी दामाद घटनास्थल पर पहुंचे। जहां से जीआरपी ने लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। मुर्दा जौनपुर जिले के पवारा थाना अंतर्गत उमरपुर गांव निवासी श्यामपति सरोज (60) पुत्र गंगादीन की एक बेटी सीता देवी है। जिसकी शादी हो चुकी है। उसकी पत्नी की वर्ष 2007 में मौत हो चुकी है। श्यामपति के दामाद अखिलेश कुमार ने बताया कि मुंबई में एक कंपनी में काफी दिनों से प्राइवेट काम करते थे। 2 दिन पहले उन्होंने फोन करके बताया था कि 20 जुलाई को

प्रयागराज जंक्शन पर बिगड़ी तबियत, दो दिन पहले फोनकर आने की दी थी सूचना



वह आ रहे हैं। बृहस्पतिवार को प्रयागराज जंकशन पर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें ट्रेन से उतारा गया। जीआरपी की टीम रेलवे हॉस्पिटल ले गई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनके पास मिले आईकार्ड और मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। तब बेटी दामाद और अन्य रिश्तेदार वहा पहंचे। प्रयागराज जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। बीमारी से मौत की आशंका है।

## न्यूज झरोखा

### जल-चौपाल के माध्यम से भूजल संरक्षण के बारे में दी गई जानकारी



**प्रयागराज।** 16 से 22 जुलाई 2023 तक भूजल सप्ताह के सफल आयोजन हेतु आज दिनांक 20-07-2023 को "यह संकल्प निभाना है-हर एक बूँद बचाना है" विषय बिन्दु पर केन्द्रित एक जल- चौपाल का आयोजन विकास खण्ड-कौंधियारा में किया गया जिसमें ग्राम विकास अधिकारी, श्री विपुल श्रीवास्तव भूगर्भ जल विभाग के प्रतिनिधि तथा श्रीमती अनीता चौरसिया, जे0ई0, लघु सिंचाई विभाग द्वारा ग्राम प्रधानों कृषकों एवं आम लोगों को भूजल संरक्षण हेतु जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उददेश्य से जल संरक्षण एवं संचयन से सम्बन्धित जानकारी दी गयी तथा पम्फ्लेट, इत्यादि का वितरण किया गया। भूगर्भ जल विभाग के कार्मिकों द्वारा ब्लड-बैंक, जिला-न्यायालय परिसर में पम्फ्लेट, इत्यादि का वितरण किया गया ।

### चोरी की स्कूटी के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**झूंसी।** इलाकाई पुलिस ने बुधवार की रात अमरावती इंटर कॉलेज के पास से शातिर चोर को चोरी की स्कूटी के साथ दबोच लिया। इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि शातिर अ?भियुक्त चोरी के वाहन के साथ मौजूद है। इस पर चौकी इंचार्ज छतनाग नवीन सिंह,



एसआई धर्मेंद्र यादव तथा सचिन गुप्ता अभय कुमार यादव के साथ मौके पर पहुंचे और शातिर चोर नासिक अली उर्फ कुंदन पुत्र आशिक अली, निवासी पड़िला,थाना थरवई को दबोच लिया। उसके पास से कुछ रोज पहले झूंसी से चोरी की गई स्कूटी भी बरामद कर ली गई। बृहस्पतिवार को दोपहर में आरोपी का चालान कर दिया गया।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक व ठेलिया मारी टक्कर

**झूंसी।** गुरुवार की शाम गोरखपुर से प्रयागराज की ओर जा रही कार रहिमापुर गांव के निकट अचानक अनियंत्रित हो गई। वह डिवाइडर में टकराते हुए सड़क पर खड़ी ठेलिया व बाइक



को टक्कर मारते हुए रुक गई। वहां मौजूद लोगों ने भाग रहे लोगों को पकड़ लिया। सभी नशे में थे पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पछ आपस में समझौता कर ठेलिया मालिक को तथा बाइक सवार को भी कुछ पैसे देकर दोनों पक्षों ने समझौता करा लिया।

### नैनी कोतवाल ने किया पैदल गस्त

**नैनी।** श्रावण मास,कावड़ यात्रा एवं आगामी मुहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत नए नैनी थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह एवं नैनी छिवकी चौकी इंचार्ज संदीप यादव नैनी थाना महिला उपनिरीक्षक शालिनी सिंह एवं नैनी थाना पुलिस बल एवं नैनी थाना एस पी ओ पुलिस मित्र यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल के साथ मेवालाल बगिया स्टेशन रोड नैनी बाजार शंकर ढाल पैदल गस्त कर आमजन में जगाई सुरक्षा की एहसास अनावश्यक खड़े लोगों व अवैध अतिक्रमणकारियों को दी सख्त हिदायत।

## महुआ की डोरी बिनने गई महिला की मिली लाश

**बारा/शंकरगढ़।** महुआ की डोरी बिनने गई बुजुर्ग महिला की शाम को जंगली बेर की झाड़ी में लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। लोगों द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना देने पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बड़गड़ी गांव की 65 वर्षीय महिला पत्नी कमलाकर सिंह भदोरिया सुबह महुआ की डोरी बिनने अपने गांव के महुआर में गई थी। घरवालों के अनुसार वह प्रतिदिन महुआ के डोरी बिनने जाती थी। लेकिन आज दोपहर लगभग 12 एक बजे तक घर वापस आ जाती थी। लेकिन जब शाम 5 बजे तक नहीं आई तो घरवालों को चिंता हुई ।घरवाले उनके पुत्र अंकित सिंह, महेंद्र सिंह आदि आस-पास के गांव में ढूंढने गए। बाद में गांव के बगल के ही एक नाले के किनारे बेर की झाड़ी में वह मृत मिली।उनके गले में उनके साड़ी का फंदा फंसा हुआ था तथा उनकी पीठ पर वजनी पत्थर रखा हुआ था। घरवालों का कहना है कि मृतक की हत्या की गई है। समाचार लिखे जाने तक डॉग स्क्वायड आदि टीम आकर जांच कर रही है। शंकरगढ पुलिस मौके पर मौजूद है।

## पिता की डाट पर बेटे ने फांसी लगाकर दी जान

**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र करछना के झीरी लच्छी पुर गांव में एक पिता ने अपने 16 वर्षीय बेटे को उसकी गलती की शिकायत पर पहले उसे डांटते हुए पिटाई कर दी जिससे आहत किशोर ने कमरे के अंदर मौका पाकर फांसी लगाकर जान दे दी और इस घटना से आहत परिजनों ने बिना किसी अथवा पुलिस को सूचित किए गंगा घाट डीहा पर आनन फानन में अंतिम संस्कार कर दिया सूत्रों के अनुसार झीरी लच्छी पुर गांव निवासी विनोद कुमार यादव का 16 वर्षीय लडका हिमांशु यादव पास के मडवा गांव में स्थित एक इंटर कालेज का 11 वी का छात्र था, सूत्रों के मुताबिक हिमांशु से किसी लड़की से चक्कर चल रहा था, जिसकी जानकारी घर वालों को होने पर उसके पिता ने बेटे की हरकत से तहश में आकर पहले बेटे की जमकर पिटाई की और ऐसी गलती दूबारा नहो के लिए डाट भी लगाईं, मौका पाकर आहत बेटे ने फांसी लगाकर जान दे दी स्वजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी नरेंद्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गई है।

# नहर में स्नान करते समय डूबी किशोरी स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला शव

अखंड भारत संदेश

**बारा।** यमुनापार के बारा थाना क्षेत्र में एक किशोरी नहर में स्नान करते समय डूब गई और तेज बहाव के कारण उसे समय रहते बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलने पर बारा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही की। जानकारी के मुताबिक बारा थाना क्षेत्र के ग्राम गन्ने के रहने वाले दरोगा सिंह की बेटी अर्पिता सिंह (9) आज सुबह गन्ने से गींज की तरफ जाने वाली नहर में नहाने चली गई थी। स्नान के दौरान ही वह गहरे पानी में चली गई और तेज बहाव के कारण वह नहर में डूब गई। अर्पिता के साथ रहे अन्य बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोग बचाव के लिए दौड़ पड़े और नहर में छलांग लगाकर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक काफी देर होचुकी थी। सूचना पर पहुंची बारा पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। बारा पुलिस का कहना है कि नहर में तेज बहाव है। इसी दौरान नहाते समय किशोरी पानी में डूब गई। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जंघई रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**जंघई।** जंघई जफराबाद जौनपुर रेलवे ट्रैक पर जंघई स्टेशन के पूर्वी छोर पर मीरगंज थानांतर्गत बभनियांव गांव के भोज का पूरा गांव के समीप गुरुवार को रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुये अज्ञात युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जंघई स्टेशन के निकट शव मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर जहां पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया पुलिस एवं ग्रामीणों के अनुसार रात में किसी ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हुई है।लेकिन मौके पर युवक की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया और पुलिस कानूनी कार्यवाही में जुट गई।

## नैनी में इरिक्शा चालक पर ब्लेड से हमला, गंभीर

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मलहरा रेलवे फाटक के समीप बुधवार देर रात ईरिक्शा चालक से गाड़ी मालिक के बीच लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। बात बढ़ने पर दोनों में हाथापाई हो गई। इसीबीच चालक को किसी ने ब्लेड से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक चालक ने नशे की हालत में खुद पर ब्लेड से हमला किया। पुलिस गंभीर हालत में घायल को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया है। पवन कुमार गौड़ (25) पुत्र संजीव गौड़ निवासी जेल रोड ई रिक्सा चालक है। पवन का जेलरोड के ही रहने वाले सानू से रुपए के लेनदेन में विवाद हो गया। पुलिस जे मुताबिक सानू इरिक्सा चलवाता है। बुधवार देर रात दोनों में विवाद हो गया। जिसके बाद पवन पर किसी ने गले पर ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे पवन के गले मे ब्लेड लगने से लहूलुहान हो गया। घायल अवस्था मे पवन नैनी कस्बा पुलिस चौकी पहुंचा। जिसके बाद नैनी पुलिस ने उसे गंभीर हालत में एसआरएन हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। स्थानीय लोगो के मुताबिक पवन ने नशे की हालात में खुद पर ब्लेड से हमला कर दिया। नैनी कोतवाली में शानू के खिलाफ हत्या के प्रायस की रिपोर्ट दर्ज की है।

# प्रकृति के लिए टानिक की तरह काम करता है पौधरोपण : डा. वाचस्पति

अखंड भारत संदेश

**बारा।** पौधरोपण प्रकृति के लिए किसी टानिक की तरह कार्य करता है। प्रकृति को हम उसका यह टानिक देते रहेंगे तो प्रकृति भी खुशहाल रहेगी और हम सभी को भी प्राणवायु आक्सीजन के रूप में मिलती रहेगी। यह बातें बारा से भाजपा विधायक डा. वाचस्पति ने कही। पौधरोपण और पौध वितरण कार्यक्रम में सहभागिता करने पहुंचे बारा विधायक ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण के कारण प्रतिवर्ष हजारों वृक्ष काटे जा रहे हैं और उनके स्थान पर न के बराबर पौधे बड़े हो पा रहे हैं। विधायक ने कहा कि हम सभी को अभियान चलाकर पौधरोपण करना होगा, ताकि हमारी तरह हमारी आने वाली पीढ़ी को भी प्रकृति से उपहार स्वरूप मिलने वाली आक्सीजन निशुल्क मिलती रहे। गौहनिया में जयपुरिया स्कूल व एमवी कॉन्वेंट स्कूल में वन विभाग के द्वारा आयोजित







पौधरोपण व पौध वितरण कार्यक्रम में बारा विधायक ने पौधा लगाया और बच्चों को पौधा वितरित भी किया। विधायक ने विद्यालय को शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों से भी आह्वान किया कि वह पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण के लिए भी फिक्रमंद रहें, ताकि आज रोपे गए पौधे कल बड़े होकर हमारे लिए आक्सीजन बना सकें। उप प्रभागीय वन अधिकारी कुंज मोहन वर्मा ने कहा कि पौधरोपण से हमें सिर्फ आक्सीजन ही नहीं मिलती, बल्कि वन क्षेत्र ज्यादा होने से मौसम संतुलित रहता है। सर्दी, गर्मी और बरसात का मौसम अपने समय पर आता है और इसका फायदा हमारी फसलों को होता है। पेड़-पौधों आक्सीजन के अलावा कई प्रकार की हमारी जरूरतों को पूरी करते हैं। इस दौरान बच्चों को पौधरोपणऔर उनके संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी शंकरगढ़ अजय कुमार एवं रेंज के समस्त स्टाफ के द्वारा पौधरोपण किया गया। इसी क्रम में मालती देवी विद्य मंदिर रिगवा, जसरा में भी पौधरोपण किया गया। इस मौके पर डिप्टी रेंजर अवधेश कुमार सिंह,महेंद्र कुमार पंकज, उदयभान सिंह, राजा चौहान, महंतलाल, जितेंद्र कुमार पटेल,संजय कुमार,आकाश कुमार कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## न्याय पंचायत माधोपुर की मासिक शिक्षक संकुल की प्रा. विद्यालय बनकट में हुई बैठक

**प्रयागराज।** विकास खण्ड धनूपुर के न्यायपंचायत स्तरीय मासिक बैठक मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय बनकट में सम्पन्न हुई।उक्त बैठक महानिदेशक स्कूली शिक्षा उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर के निर्देशन में शुरू हुई।बैठक के एजेन्डा के अनुसार नवीन नामांकन,विद्यालय को निपुण बनाने,शिक्षक डायरी, शिक्षक संदर्शिका, विद्यालय विकास योजना,प्रिंटर रिच मैटेरियल, गणित किट का उपयोग, निपुण तालिका, एफ एल एन प्रशिक्षण के अंतर्गत एडवांस और बेसिक कक्षाएं संचालित कराना, 22 वे सप्ताह की कार्य योजना , हाउस होल्ड सर्वे(परिवार सर्वेक्षण)आदि बिंदुवो पर चर्चा एवं परिचर्चा हुई।कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक संकुल शैलेश सामंत व न्यायपंचायत के पांचों शिक्षक संकुल आदि लोगो ने किया।कार्यक्रम में बोलते हुए शिक्षक नेता अफरोज अहमद ने सभी बिन्दुवों पर गहराई से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्यतः आनंद सिंह, राजेश कुशवाहा, रघुबीर कुमार, तारा देवी ,बाके बिहारी, रमेश चंद, अरविंद कुमार, अभय पटेल,राजेश यादव,तथा न्यायपंचायत के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सांप काटने पर झाड़-फूक के चक्कर में न पड़कर तत्काल जाएं अस्पताल

**प्रयागराज।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया है कि बारिश का मौसम आते ही सर्पदंश की घटनायें बढ़ जाती है। बरसात के समय सांपों के बिल में पानी भर जाने की वजह से सांप यहां-वहां अपना आवास आवासीय क्षेत्रों में विशेषकर ग्रामीण इलाकों के घरों में, लोगों के खलिहानों में बना लेते है, जहां पर निवास करने वाले लोगों को सांप के काटने का भय हमेशा बना रहता है। ऐसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिये किसी भी कूड़ा करकट वाली जगह, खलिहान में, पशु शालाओं में एवं अनाज के ढेर में जाने से पहले सावधानी बरतने की आवश्यकता है। यदि किसी हालात में सांप काट ले तो पीड़ित व्यक्ति को धीरज दिलाएं, मरीज को स्थिर कर दें, घाव को पानी से धोए तथा घाव को साफ कपड़े से ढंक दें। शरीर से घड़ी, कंगन, अंगूठी, पायल, चेन आदि उतार दें तथा कपड़े ढीले कर दें, क्योंकि सूजन हो सकती है। मरीज को हिलने डुलने न दें। घाव के ऊपर व नीचे टूर्निकेट नहीं लगाएं। झाड़-फूंक के चक्कर में ना पड़कर मरीज को तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाए, जहां पर विष-रोधी दवा उपलब्ध है। अधिकांश मौते डर, सदमा और गलत या देर से इलाज मिलने के कारण होती है। सर्पदंश से कैसे बचे, इसके लिए यदि आप अपने आस-पास कोई सांप देखे तो उसे न छेड़े, वो आपसे खुद ही दूरी बना लेगा, झाड़ियों या फसलों में हाथ या पैर डालने से पहले लकड़ी या दण्डों से टटोल लें। रात में निकलते समय टॉर्च लेकर निकलना चाहिये जिससे किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। घर के आस-पास साफ-सफाई रखे और चूहों को न रहने दें, सांप चूहों से आकर्षित होते है। रास्तों व पगदण्डियों को गिरी हुई पत्तियों व घास-फूंस से मुक्त रखें। घर के बाहर हमेशा जूते या चप्पल पहनकर काम करने की कोशिष करें। जमीन पर न सोए, मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।

## 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी वीरेंद्र यादव के कुशल नेतृत्व में थाना नैनी पुलिस द्वारा माननीय न्यायलय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-09 इलाहाबाद के केस नं0-2082/04 अ0सं0-428/80 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना नैनी से सम्बन्धित 02 वारण्टी अभियुक्त 1. ओमसुभाष पुत्र बालमेवादास निवासी इन्दलपुर थाना नैनी प्रयागराज 2. प्रेम चन्द्र पुत्र हीरालाल निवासी चकलाल मोहम्मद थाना नैनी को अभियुक्तों के घर थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल यूपी बोर्ड वर्ष 2021 अनुक्रमांक 211585053 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**आदित्य सोनकर पुत्र श्री राकेश सोनकर 2/5इ चक फजुल्ला नैनी प्रयागराज।**

# नपाध्यक्ष मुख्यमंत्री से मिलकर लम्बित परियोजनाओं के लिये मांगा धन

## लम्बित परियोजनाओं को शीघ्र मिलेगा धनः मुख्यमंत्री

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उनसे नगर की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। पालिकाध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिये विस्तृत परियोजना परिवेदन बनाकर नगर विकास विभाग को प्रेषित किया जा चुका है।

पालिकाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि उक्त परियोजनाओं को स्वीकृत प्रदान करते हुए धन आवंटन कराने का कष्ट करें। पालिकाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों को कराने के लिये 587.03 लाख रुपये व शासन द्वारा संचालित जल निकासी योजना के तहत नालों व नालियों के निर्माण हेतु 189.68 लाख रुपये व नगरीय झील तालाब, पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत 205.08 लाख रुपये व मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 187.62 लाख रुपये इस तरह कुल 1169.41 लाख रुपये की कार्ययोजना नगर विकास विभाग में स्वीकृत एवं धनावंटन हेतु लम्बित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से नगर की समस्याओं को सुना और नगर विकास विभाग से शीघ्र ही नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ की लम्बित कार्य योजनाओं को स्वीकृत दिलाकर चरणबद्ध तरीके से धनावंटन कराया जाएगा। अंत में पालिकाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। पालिकाध्यक्ष के साथ विषाल विक्रम सिंह भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

### जमीन को आरोपी ने जबरन ट्रैक्टर से की जोताई

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपी ने दूसरे के खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर दिया। पीड़ित को इसकी सूचना मिली तो उसने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर आधारगंज गांव के रहने वाले अकबर अली उर्फ बाबू शाह ने बताया कि वारीकला में उसकी जमीन है जिस पर एक युवक ने जबरन उसकी जमीन को ट्रैक्टर से जुताई कर दिया उसने इस संबंध में पूछताछ की दो वहां से भाग खड़ा हुआ। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# अब बेल्हा देवी धाम के नाम से जाना जाएगा प्रतापगढ़ रेलवे स्टशन

## मां चंदिकन के नाम पर होगा अंतू व शनिदेव धाम के नाम से जाना जाएगा विश्वनाथगंज स्टेशन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ माडल जंक्शन रेलवे स्टेशन अब मां बेल्हा देवी के नाम से जाना जाएगा। इसी प्रकार अंतू रेलवे स्टेशन मां चंदिकन देवी धाम व विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशन शनिदेव धाम के नाम से जाना जाएगा। इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिल गई है।

बताया जाता है कि सांसद संगम लाल गुप्ता ने इस सम्बन्ध में रेल मंत्री को पत्र लिखा था। इसे स्वीकार कर लिया गया है। बता दें कि प्रतापगढ़ जंक्षन रेलवे स्टेषन से लगभग ढाई किमी दूर शहर में बेल्हा देवी का मंदिर है और इसी बेल्हा देवी मंदिर के नाम से प्रतापगढ़ के लोग बेल्हा के नाम से भी पुकारते हैं। प्रतापगढ़ की नगर पालिका भी नगर पालिका बेल्हा नाम से जानी जाती है। बेल्हा देवी मंदिर जनपद व पड़ोसी जनपदों के लिये आस्था का केन्द्र है। इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार की स्वीकृति मिलने पर खुषी जाहिर करते हुए सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार ने लाखों लोगों की श्रद्धा का सम्मान किया है। उन्होंने बताया कि इस निर्णय को मूर्त रुप देने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उप मुख्यमंत्री केषव प्रसाद मौर्य व बृजेष पाठक की अहम भूमिका रही है। बता दें कि इसके पहले दांदूपुर रेलवे स्टेषन का नाम तत्कालीन विधायक धीरज ओझा के प्रयास से मां बाराही धाम पहले ही हो चुका है। इस प्रकार जनपद में चार रेलवे स्टेषन के नाम बदले जा चुके हैं।




प्रतापगढ़ रेलवे जंक्शन।

# एमडीपीजी में जल संरक्षण पर आयोजित हुई संगोष्ठी

## जल की बबार्दी रोकने के लिए छात्र छात्राओं ने निकाली रैली

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए एमडी पीजी कॉलेज में एनएसएस की छात्र-छात्राओं द्वारा आज एक रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से जल का समुचित उपयोग करने व जल की बबार्दी न होने देने का संदेश लोगों में दिया।

रैली के उपरांत महाविद्यालय में ही जल संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में बोलते हुए प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा जल से ही जीवन है और यही विकास का मूलाधार भी है इसलिए जल का संरक्षण अपरिहार्य है। दुनिया के जिन देशों ने जल की महत्ता को नहीं समझा और भविष्य मे जल के संसाधनों को नहीं जुटाया और उसकी पहचान नहीं की आज उनके यहां मानव जीवन बहुत ही बदतर हो गया है। प्राचार्य ने कहा कि जल की बबार्दी रोकना हम सब का परम कर्तव्य है और अपने कर्तव्य के प्रति यदि हम समय से सचेष्ट न हुए तो आने वाले दिनों में धरती पर जीवन ही दुष्कर हो जाएगा। जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने कहा हम सभी को स्वयं तो जल को संरक्षित करना ही होगा, अपने आसपास के लोगों में भी जल संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करनी होगी। डॉ अभिषेक सिंह ने कहा कि यदि जल को संरक्षित न किया गया तो न केवल मनुष्य बल्कि जीव-जंतु एवं वनस्पतियां भी समाप्त होने लगेंगी। डॉ माया शंकर कौशल ने कहा कि छात्र-छात्राओं के माध्यम से समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने किया।




एमडीपीजी कालेज में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद प्राचार्य व अन्य।

# लेखन प्रतियोगिता में अव्वल बच्चे हुए पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर स्थित भारत सिंह इंटर कॉलेज कुम्हिया एवं बुद्ध ज्ञान भारती जूनियर हाई स्कूल में भारत की दूसरी सबसे बड़ी व ग्राहकों की भरोसेमंद बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा के 116वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक सुलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन पट्टी शाखा प्रबंधक नीरज सिंह के संयोजन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में लेखन का विषय रहा आजाद भारत के विकास में बैंकों की भूमिका व योगदान प्रतियोगिता में क्रमशः सेजल विश्वकर्मा, खुशबू वर्मा, वंशिका गोस्वामी तथा जूनियर हाईस्कूल की कशिश जायसवाल, प्रिया जायसवाल, एवं तनिष्का गोस्वामी अव्वल रही, जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा पवन सिंह, प्रबंध निदेशक एवं अधिवक्ता उच्च न्यायालय वीर शिवम सिंह, राम सेवक, हरिमंगल यादव, उमाशंकर मिश्र, मनीष श्रीवास्तव, आलोक सिंह, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अतुल, सौरभ सिंह, दीक्षा, काजल, साक्षी सहित विद्यालय के स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। उदयपुर थाना के पूरे लोकई रामनगर कोल मुस्तफाबाद निवासी गंगाराम यादव उर्फ भेली (46) ने बुधवार की रात घर के अंदर साड़ी का फंदा लगाकर झूल गया। घटना के समय घर के सदस्य बाहर बरामदे में सो रहे थे। गुरूवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे मां किसी काम से घर के अंदर गयी तो गंगाराम को फंदे से झूलता देख चीख पड़ी। जानकारी होने पर परिजन भी घर के अंदर पहुंचे और विलाप करने लगे। सूचना पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। मृतक घर पर रहकर खेती किया करता था वह अपने पीछे दो बच्चों व पत्नी को निराश्रित छोड़ गया है।

### संदिग्ध दशा में युवक ने लगाई फांसी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तीन बच्चों का पिता रात के समय संदिग्ध दशा में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह परिजनों ने शव को पंखे से लटकता हुआ देखा तो रोने बिलखने लगे और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कोठियार रायपुर काशीराम कॉलोनी के पीछे रहने वाला इरफान खान (35) पुत्र महबूब खान तीन बच्चों का पिता है आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह काफी परेशान रहता था बुधवार की शाम को खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में लेट गया सुबह परिजनों ने देखा तो वह पंखे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया।

# दिगम्बर जैन समाज द्वारा निकाला गया मौन जुलूस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कर्नाटक के बेलगाम में जैन धर्म के साधु आचार्य 108 श्री काम कुमार नंदी महाराज का अपहरण के बाद उनकी निर्मम हत्या कर शरीर के कई टुकड़े करने सेपूरा जैन समाज बहुत आहत हुआ है जिसके संबंध में अखिल भारतीय दिगम्बर जैन समाज द्वारा 20 जुलाई को अपने कारोबार को बंद कर इस घटना के विरूद्ध अपना विरोध जताया है। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन समाज के अवहाह्न पर दिगम्बर जैन समाज प्रतापगढ़ के सभी लोगो ने अपना विरोध दर्ज कराया है। दिगम्बर जैन समाज के लोग सुबह जैन मंदिर बाबागंज में उपस्थित हो कर मौन जुलूस निकाला जो जिलाधिकारी आवास तक गया और वहां पर जिलाधिकारी महोदय को मुनि जी के हत्या के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराते हुए देश के माननीय राष्ट्रपति एवं माननीय प्रधानमंत्री जी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान शेखर जैन, प्रदीप जैन, अनिल जैन, अरविंद जैन, सुनील जैन, राहुल जैन, दीपेश जैन, संजय जैन, आनंद जैन, अंशु, मोनू, रवि जैन, विनोद जैन आदि मौजूद रहे।



मौन जुलूस निकालते जैन समाज के अनुयायी।

### पौधारोपण एवं पर्यावरण रैली आज

**प्रतापगढ़।** रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेन्ट्रल के तत्वावधान में 21 जुलाई दिन शुक्रवार को प्रातः 9.00 बजे मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ डीएफओ जगदंबिका प्रसाद करेंगे। यह जानकारी क्लब के उपाध्यक्ष अश्विनी केसरवानी ने दी है।

### ईडी का विरोध करेगा व्यापार मण्डल

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेष व्यापार प्रतिनिधिमण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने निर्णय किया है कि ईडी द्वारा व्यापारियों को अपने दायरे में लिये जाने का व्यापारी कड़ा विरोध करें। उन्होंने कहा कि व्यापार मण्डल देष और प्रदेष के विभिन्न प्रकार के करों का भुगतान करके देष और प्रदेष को चलाने में सहयोग करता है। व्यापारियों पर आयकर, जीएसटी, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, बाट विभाग, नगर पंचायत, नगर पालिका की जांच व छापे आए दिन होते रहते हैं जिससे व्यापारी दुखी हैं। इन विभागों की जांच होते रहने के बाद अब ईडी विभाग की जांच का कोई औचित्य नहीं है। व्यापारी नेता ने मांग की है कि ईडी विभाग को व्यापारियों से दूर रखा जाए। व्यापार मण्डल अपने बाजारों में ईडी को किसी भी कीमत पर घुसने नहीं देगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने दी है।

# खोए हुए 51 स्मार्ट मोबाइल फोन पर मोबाइल स्वामियों को दिया गया

## सीओ सिटी के निर्देशन में हुआ मोबाइल वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर करिश्मा गुप्ता द्वारा गुमशुदा/खोए हुए 51 स्मार्ट मोबाइल फोन को मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इस दौरान लोगों के चेहरों पर मुस्कान खिली। क्षेत्राधिकारी नगर करिश्मा गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन में गुमशुदा/खोए हुए 51 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को वितरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बरामद मोबाइल्स को उनके मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी विद्यासागर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र एवं क्षेत्राधिकारी नगर/अपराध करिश्मा गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रभारी सर्विलांस/स्वाट सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा गुमशुदा/खोये हुए कुल 51 अदद मोबाइल फोन को बरामद किया गया, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 06 लाख 70 हजार 950 रुपए है। बता दें कि गुम/खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा पूर्व में पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपना मोबाइल खोने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिस क्रम में एसपी द्वारा सर्विलांस/स्वाट टीम को गुम/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये थे। सर्विलांस स्वाट टीम ने अथक परिश्रम से लगातार प्रयास करते हुए 51 गुमशुदा/खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी की गयी जिन्हें आज मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया। बरामद करने वाली पुलिस टीम में सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 श्री सुनील कुमार यादव, मु0 आरक्षी रविन्द्र प्रताप सिंह, मु0 आरक्षी आलोक सिंह, मु0 आरक्षी अजय प्रकाश, आरक्षी प्रवीण कुमार, आरक्षी सनोज कुमार व आरक्षी चन्द्र गुप्त शामिल रहे।



बरामद हुए मोबाइल की जानकारी देतीं सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता।

### जमीनी विवाद में दंपत्ति को लाठी-डंडों से पिटाई

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली इलाके के रमईपुर नेवादा गांव में जमीन विवाद के चलते बुधवार की देर रात खेत में रखवाली कर रहा पीड़ित के पड़ोसी आए और गाली गुप्ता देते हुए लाठी-डंडों से पीटने लगे यह देख पीड़ित की पत्नी बीच-बचाव करने आई तो उसे भी पीटा गया। मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। कोतवाली इलाके के रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाले नेवासे बनवासी का आरोप है कि उसके पड़ोसियों से जमीन का विवाद काफी पुराना चला रहा है उसी विवाद के चलते बुधवार की देर रात्रि लगभग 10 बजे के आसपास पीड़ित अपने खेत की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान पड़ोसियों ने वहां आकर गाली गुप्ता देने लगे और लाठी-डंडों से पिटाई करने लगे हल्ला गुहार सुनकर जब उसकी पत्नी सावित्री बीच-बचाव करने के लिए आई तो कुछ लोगों ने उसे भी मारपीट कर चोटिल कर दिया जिससे वह घायल हो गई। मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना के घुइसरनाथ के समीप जलालाबाद, डभियार निवासी बंशीलाल वर्मा का पुत्र सचिन वर्मा (22) बुधवार को बाइक से गड़हा देऊम गया था। वापस लौटते समय रात करीब साढ़े सात बजे घुइसरनाथ पुल के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में सचिन को गम्भीर चोटें आ गयी। आनन फानन में सचिन को परिजन लालगंज ट्रामा सेंटर इलाज के लिए ले आए। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामाकर उसे पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक का पिता राजमिस्त्री है। मृतक अविवाहित था। वह दो भाईयों में छोटा था। गुरूवार को दोपहर बाद मृतक का शव पीएम के बाद घर पहुंचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गयी। सांगीपुर एसओ मनोज यादव का कहना है तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# सम्मान से नवाजे गए बद्री नारायण डिग्री कालेज के मेधावी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बद्री नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सकरौली मादूपुर में मेधावी छात्र-छात्राओं को गुरुवार को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व संस्था के निदेशक संजय सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के छात्र शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष सम्मानित किया जाता है, ताकि वे भविष्य में आगे बढ़ सकें। शिक्षक फौजदार सिंह ने कहा कि छात्रों को प्रोत्साहित करने से उन्हें मनोबल मिलता है। जिससे वे प्रत्येक क्षेत्र में मेहनत करके उपलब्धि हासिल करते हैं। समारोह में स्नातक में सर्वाधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण श्रेयांशी ओझा, द्वितीय स्थान पर रहे जलेंद्र सिंह, शैली पांडेय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा तृप्ति श्रीवास्तव के अलावा शिवम कुमार सरोज समेत 10 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संचालन लाल जी वर्मा,उदय सिंह ने किया। रंजन सिंह, विपुल सिंह, राजीव यादव, अमित सिंह, देवेंद्र यादव, निम्मो श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, अनामिका मिश्रा आदि मौजूद रहे।



सम्मान समारोह में मौजूद डिग्री कालेज के मेधावीगण।

### भीषण गर्मी से लोग हो रहे हलाकान

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकांकर पावर हॉउस से जुड़े फीडर बाजिदपुर, आलापुर व कालाकांकर क्षेत्र मे दोपहर मे 2 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक 3 घंटे की लगातार बिजली कटौती से लोग ब्याकुल हो रहे है। चिल चिलाती धूप मे जन जीवन अस्त ब्यस्त हो हो गया है। सुबह 8 बजे सूरज की तेज किरणे लोगो को घरो मे कैद कर देती है। सुबह 8 बजे बिजली के चले जाने के बाद लोगो को पसीने पसीने होना पड़ता है जो पौने ग्यारह बजे बिजली आने के बाद राहत मिल जाती है जिसमे लगभग 3 घंटे की कटौती लगातार की जाती है जब कि सावन आधा खत्म होने को है इंद्रदेव की गर्जना कही दिखाई नही दे रही है सावन मे लबा लब पानी की जगह सड़को पर धूल उड़ रही है खेतो मे पानी की जगह धान की खड़ी फसल लहरा रही है जो इंद्रदेव के गर्जना का इंतजार कर रही है कि कब खेतो मे पानी दिखाई देगा किसान लोग बारिश के न होने से उनके माथे पर चिंता की लकीर दिखाई दे रही है नहरों मे भी नदारद है। स्थानीय लोगो ने भीषण गर्मी को देखते हुए दोपहर को साढ़े तीन घंटे की लगातार हो रही बिजली की कटौती को बन्द करने के लिए अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# नवाबगंज के सोनामऊ इलाके मे ग्रामीणों को दिखा लकड़बग्घा

## ग्रामीणों में दहशत, रात को नहीं निकल रहे

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** इन दिनों जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर, सोनामऊ कछार में शाम होते ही लकड़बग्घो का सामना ग्रामीणो को करना पड़ रहा है लोग शाम ढलते ही घरो मे कैद हो जाते है और रात मे किसी तरह अपने जानवरो की रखवाली करते है दो से तीन की संख्या मे लकड़ बग्घो ने अब तक छोटे छोटे पालतू जानवर के बच्चों को अपना निवाला बना चुके हैं।

मुरस्सापुर ग्राम प्रधान सुरेश यादव ने जिसकी जानकारी वन विभाग को दिया जिस पर गुरुवार को कालाकांकर वन विभाग की वीट प्रभारी दिनेश कुमार पाल, जितेंद्र ,अवध बिहारी(डी पी), संजय व अमरदीप गांव मे पिजड़ा लेकर पहुँचे जहा ग्राम प्रधान सुरेश यादव के साथ पिजड़े को अलग अलग जगहों पर रखा जिसकी देख रेख वन विभाग की टीम कर रही है। बता दें कि लगभग एक वर्ष पूर्व इसी गांव मे लकड़ बग्घे को वन विभाग की टीम पकड़ कर ले गई थी जिसे कौशाम्बी जनपद के जंगल मे छोड़ दिया था लकड़ बग्घे के दिखाई देने से लोग शाम होते ही अपने घरो के मासूम छोटे छोटे बच्चे को घर से बाहर नही निकलने देते गाय भैस व बकरी के बच्चे को लाठी डंडा लेकर गांव वाले ताकते रहते है और रात मे शोर मचाते रहते है जिससे लकड़बग्घा शोर सुनकर गांव के अंदर न घुस सके।

# ऑटो को ई-रिक्शा ने मारी जोरदार टक्कर आधा दर्जन सवारियां हुई घायल

## हालत गंभीर होने पर कई लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**अखंड भारत संदेश**



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** प्रयागराज की तरफ से सवारियां लेकर मूरतगंज जा रही ऑटो को संदीपन घाट थाना अंतर्गत मूरतगंज चौकी क्षेत्र के बलिहावा मोड़ के पास अनियंत्रित ई रिक्शा ने टक्कर मार दिया जिससे ऑटो में बैठी आधा दर्जन सांवरिया लहूलुहान हो गई है मौके पर चीख-पुकार मच गई है आसपास से गुजर रहे ग्रामीण और खेतो में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ लोगों की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है हादसे के बाद ई रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह प्रयागराज से सवारियां लेकर ऑटो मूरतगंज बाजार जा रहा था जैसे ही ऑटो चालक मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के बलिहावा मोड़ के पास पहुंचा कि लिंक मार्ग से तेज गति से आ रहा ई रिक्शा बिना देखे सड़क पर आने का प्रयास किया जिससे मुख्य रोड से आ रहे ऑटो की ईरिक्शा से टकर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए ऑटो में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई ऑटो की कई सवारियां लहूलुहान हो गयी दुर्घटना होते ही ईरिक्शा चालक मौके से फरार हो गया हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास से गुजर रहे राहगीर और खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य में लग गए सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंची हादसे में घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर गाटर पुत्र वकरीदी ग्राम लखीपुर खागा थाना फतेहपुर सिदिक पुत्र सहजाद अली लखीपुर खागा थाना फतेहपुर खुसनैना पत्नी महमूद ग्राम सिहोरी थाना कोखराज को गंभीर अवस्था में चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## 50 हजार के इनमिया सहित दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना पुलिस और एसओजी पुलिस की संयुक्त टीम ने औरैया जिले के रहने वाले 50 हजार के इनामी अभियुक्त और उसके साथी को कोखराज थाना क्षेत्र के रोही रेलवे ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है पकड़े गए बदमाशों पर इंडियन ऑयल के पाइप लाइन से डीजल चोरी करने का आरोप है पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो तमंचा कारतूस बरामद करने का दावा किया है पुलिस ने बताया कि औरैय्या जनपद के रहने वाले बाबू शुक्ला का गिरोह इंडियन आयल के पाइप लाइन से डीजल चोरी करते हैं पुलिस ने बताया कि बाबू शुक्ला का गिरोह इन दिनों कोखराज वा चरवा इलाके में इंडियन ऑयल के पाइप लाइन से डीजल चोरी करने में लगा था मुखबिर से सूचना मिल गई जिस पर 50 हजार के इनामी अभियुक्त बाबू शुक्ला उर्फ शरद शुक्ला सहित उसके दूसरे साथी अवधेश दुबे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## ट्रेन की टक्कर से वृद्ध की हुई मौत

**मनौरी कौशांबी।** पिपरी थानांतर्गत मनौरी रेलवे लाइन को पार करते समय गुरुवार की सुबह बच्चू लाल उम्र 60 वर्ष पुत्र स्व0 छेदी लाल निवासी नईम मिया का पूरा चायल ट्रेन हादसे का शिकार हो गए हैं जिससे मौके पर उनकी मौत हो गई है बताया जाता है कि वह किसी काम से सायकिल द्वारा मनौरी आए थे रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से टकरा गए और मौके पर उसकी मौत हो गई,मौके पर पिपरी थाना के चायल चौकी इंचार्ज मनोज तोमर पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ट्रेन दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है और रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं

## शराब भट्टी पर पुलिस ने मारा छापा

**चायल कौशाम्बी।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के गोविंदपुर तेवारा के लोकीपुर गांव मे गुरुवार को लगभग 10:00 बजे दिन में पुलिस ने शराब भट्टी पर छापा मारा है पुलिस के पहुंचते ही वहां से भट्टी संचालक फरार हो गया है पुलिस ने मौके से 5 लीटर शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं पुलिस ने बताया कि गुरुवार को भुलनी पत्नी मूलचंद पासी के घर में शराब भट्टी संचालन की जानकारी मिली थी जिस पर भूलनी के घर पर पुलिस टीम छापा मारने पहुंच गयी शिकायत पर 112 नम्बर पहुंची पुलिस ने 5 लीटर शराब पकड़कर पिपरी थाना को सौंपा दारू बनाने वाला बटुआ वा लहन नष्ट किया लेकिन मौके से एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## न्यूज झरोखा

### किसान दिवस पर किसानों की समस्याओं का हुआ निस्तारण



**कौशाम्बी।** जिला बिकास अधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में किसान कल्याण केंद्र, मंझनपुर में किसान दिवस मनाया गया ,जिसमें किसानों की समस्या सुनी गई वा जिन विभागों से संबंधित समस्या थी उनको निर्देशित भी किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम , कृषि विज्ञान केंद्र के डॉक्टर अजय व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उद्यान निरीक्षक , ए आर कोऑपरेटिव, एक्सईएन सिंचाई श्री जगदीश प्रसाद इफको प्रतिनिधि , उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सुरुचि विश्वकर्मा आदि ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं को बताया वा समस्याओं को सुना, साथ ही समाधान भी किया गया। यह किसान दिवस माह के प्रत्येक तीसरे बुधवार को मनाया जाता है जिसमें किसान अपनी समस्या को रखता है वा इसके माध्यम से उसका समाधान किया जाता है आज के इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, पशुपालन ,उर्वरक, खाद बीज, उद्यान, सिंचाई संबंधी विषय पर चर्चा हुई। जिला विकास अधिकारी ने कहां कि किसान भाई लोग खेती में समय का जरूर ध्यान दें वह थोड़ा सा जैविक खेती की तरफ भी अग्रसर हो जिससे विभिन्न बीमारियों से बचा जा सके उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया जिन भी किसान को कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा वह कार्यालय में संपर्क करे या हमारे जितने भी ब्लॉक में सीड स्टोर इंचार्ज हैं या कर्मचारी है उनसे संपर्क कर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं ' जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया किसान भाइयों को समय से कृषि कार्य करें जहां पर सिंचाई के साधन नहीं है वहां पर कम पानी वाली फसलों को लगाएं साथ ही मृदा की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए हरी खाद का व जैविक खाद का प्रयोग करें

### अमन चैन के साथ मनाएं मोहर्रम का त्यौहार : सीओ

**मोहर्रम के दृष्टिगत एसडीएम व सीओ थानेदार पुलिस बल ने किया पैदल मार्च**



**कौशाम्बी।** आगामी मुहर्रम त्यौहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है क्षेत्र में शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी मंझनपुर एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर अभिषेक सिंह व पश्चिम शरीरा थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी ?एवं चौकी इंचार्ज कमलेश यादव द्वारा पुलिस बल के साथ बुधवार को पश्चिम शरीरा क्षेत्र में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया बाजारों चौराहे भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर भ्रमण करते हुए क्षेत्राधिकारी ने वहां मौजूद ?लोगों से मुलाकात किया और ताजियादारो के साथ जुलूस के मार्ग का भ्रमण कर जुलूस के रास्ते में दिक्कतों के बारे में जानकारी लिया शासन के आवश्यक आदेश एवं निदेर्शों से अवगत कराया सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया वहां मौजूद लोगों से मोहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की अपील की गई भ्रमण के दौरान पुलिस ने कहा कि किसी व्यक्ति की गतिविधियां संधित नजर आती हैं तो इसकी जानकारी तत्काल प्रशासन को दी जाए।

### सरकारी जमीन से कब्जा हटवाकर नायब तहसीलदार ने किया पौधारोपण



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना के चौकी सिंधिया के अन्तर्गत रामपुर सूहेला के एक मकान के आगे पडी ग्राम सभा के ऊसर जमीन पर कब्जा जमाये दबंगों पर नायब तहसीलदार सिराथू ने अपनी गठित की गई टीम के साथ पहुँच कर नाप करवाने के बाद सलमान की शिकायत को संज्ञान लेते हुए कब्जा धारकों पर फटकार लगाते हुए कब्जा की नियत रखने वाले दबंग की खरपतवार की बाऊड्री वाल को ढहाकर जमीन को मुक्त कराकर व पौधरोपण कर दोनों पक्षों से लिखित सहमति से पौधरोपण किया गया इस प्रकार जमीन को खाली कराने के बाद पौधा लगाने से ग्रामीणों में काफी चर्चा रही कि यह कार्य पहली बार हुआ है जब कोई अधिकारी इस तरह के कार्य करने के बाद विवाद का निस्तारण कर समाज व प्रशासन को एक नयी सोच के साथ जोड़ दिया है जिससे भविष्य में फिर उस जमीन में विवाद की स्थिति न बने एक बात ग्रामीणों की जेहन में कौंधती रही कि तहसील दार साहिबा के थाना प्रभारी को बार बार जानकारी देने के बाद काफी इंतजार के बाद भी सिंधिया चौकी इंचार्ज कब्जा हटवाने मौके पर नहीं पहुंचे हैं चौकी इंचार्ज के अश्वासन के बाद भी काफी समय इंतजार करने के बाद भी वह नहीं पहुंचे जिस पर कुछ दबंगों द्वारा मारपीट तक की स्थिति बन गयी लेकिन पुलिस सहायता सुरक्षा तहसील दार को नहीं प्राप्त हुई जबकि उनकी समस्या को देखते हुए पत्रकारों ने भी तहसील दार की मदद की वहां मौजूद बच्चों से भी पौधरोपण करवाये यह देखकर दोनों पक्ष खुशी रहे।

# पत्रकार के पिता के निधन पर शोक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के अहिवारा के मजरा शिवपुर के रहने वाले रामदीन पटेल उम्र लगभग 100 वर्ष पुत्र माता बदल पटेल का गुरुवार को बीमारी के चलते निधन हो गया है रामदीन पटेल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं रामदीन पटेल की मौत के बाद परिवार में दुख का माहौल है रामदीन पटेल के पुत्र नथन सिंह पटेल अखण्ड भारत संदेश हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार हैं जैसे ही पत्रकार के पिता की मौत की जानकारी पत्रकारों को लगी अखबार जगत में भी शोक की लहर दौड़ गई लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना प्रभु से की है प्रभु से कामना की है कि मृतक परिवार को दुख सहन करने की क्षमता दे पत्रकार के पिता की मौत पर भारतीय पत्रकार संघ के पत्रकार सुशील केसरवानी सुबोध केसरवानी गणेश साहू शशि भूषण सिंह बब्बू पटेल संतलाल मौर्या सुशील मिश्रा उर्फ बबलू अमित कुमार उर्फ सोनू त्रिपाठी राजकुमार मनजीत सिंह राजू सक्सेना धर्मेंद्र सोनकर आर्यवीर अजीत कुशवाहा मदन केशरवानी विष्णु सोनी अनिल कुमार राकेश केसरवानी मोनू पांडे बृजेन्द्र केशरवानी राकेश दिवाकर सोनू वर्मा शैलेंद्र मौर्य अंकित गुप्ता मुन्ना यादव अरविंद मौर्या सियाराम सिंह फैज अहमद अशोक मौर्या अवनीश गुड्डन मौर्या नेता तिवारी सौरभ मिश्रा रीतेश जायसवाल सहित तमाम पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।

# सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर गांव में तनाव की स्थिति प्रधान के घर पर हंगामा



**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत काजीपुर में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है अराजक तत्वों के द्वारा प्रधान को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है गांव का माहौल बिगाड़ कर बलवा कराने की तैयारी है काजीपुर गांव हमेशा बलवा और उपद्रव के मामले में आगे रहा है फिर इन दिनों काजीपुर में तनाव की स्थिति बनी हुई है जहां गांव के कुछ विवादित किस्म के लोगो द्वारा गांव का अमन चैन खराब किया जा रहा है। गांव के ही कुछ अराजकतत्वों द्वारा ग्राम प्रधान पर झूठे आरोप लगा कर ग्राम प्रधान के खिलाफ गांव की जनता को भड़का कर उनके पीछे किसी बड़े मकसद को अंजाम देने की कोशिश की जा रही है। आपको बता दें की ग्राम काजीपुर जुनैदपुर में गांव के ही कुछ अराजकतत्वों के द्वारा ग्राम प्रधान पर झूठे आरोप लगा कर ग्राम प्रधान के घर के बाहर गांव के तमाम लोगो को भड़का कर लाया गया और जम कर बवाल काटा गया। चक्का जाम करने की कोशिश की गई मामले की सूचना जब संदीपन घाट थाना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगो को शान्त कराकर मामले को शांत करवाया ग्राम काजीपुर जुनैदपुर के ग्राम प्रधान द्वारा उपजिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि ग्राम सभा की आराजी संख्या 53 मौजा जुनैदपुर की आराजी विनिमय द्वारा अफसरी वीवी को दे दी गई है। जिसके विरूद्ध ग्राम प्रधान ने वाद प्रस्तुत किया है। जिसमें दिनांक 27 जुलाई तिथि मुकर्रर है। क्षेत्रीय लेखपाल ने अफसरी वीवी की भूमि को नाप कर अलग कर दिया है गांव के ही राजेश कुमार पुत्र लल्लू उर्फ शिवसरन व लल्लू पुत्र जवाहिर व प्रेम पुत्र गणेश रमेश पुत्र बनवारी, बबलू पुत्र शिवमोहन व सुग्रीव पुत्र वंशी, समर सिंह पुत्र अमृत लाल व जग्गा पुत्र रामसुरेमन व बेचू पुत्र श्री राम व बृजेश पुत्र रामचंद्र ये सभी एक राय होकर ग्राम प्रधान जयप्रकाश के घर पर चढ़ आए और अफसरी वीवी से मिलकर जमीन देने का आरोप लगाते हुए 60–70 और अन्य गांव वालो को बहका कर साथ लाए और गाली गलौज किया ग्राम प्रधान जयप्रकाश डर के भाग कर दरवाजा बन्द कर लिया जिससे वे लोग गाली गलौज एवम धमकी देते हुए चले गए। और दिनांक 20 जुलाई को 10 बजे पुनः चढ़ आए। तब ग्राम प्रधान जयप्रकाश भागकर एसडीएम के पास पहुचे है। सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर तनाव की स्थिति बरकरार है।

# पहली मोहर्रम पर मजलिस का आयोजन शहीदाने कर्बला की याद में बांटा गया लंगर-ए-हुसैनी

**कौशाम्बी।** मोहर्रम का चांद नजर आते ही कस्बे से लेकर देहात तक सभी इमामबाड़ा और अजाखानों में मजलिस व तकरीर का आयोजन शुरू हुआ सभी जगह पर उत्सव का माहौल है बिजली की झालरों से सजाया गया मेंबरे रौजा करारी कस्बे के साथ-साथ अषाढ़ा गांव में मोहर्रम की पहली तारीख पर गुरुवार रात 08:00 बजे मजलिस का आयोजन किया गया इस दौरान पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत? मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन उनके परिवार व जानिसार साथियों की शहादत को याद किया गया और नोहा पढ़कर मातम किए लोगो ने कर्बला के शहीदों की याद में आंखें नम हो गई अषाढ़ा स्थित इमामबाड़ा कोठी में या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद हुई इस अवसर पर शहीदाने कर्बला की याद में मजलिस में आए बच्चे बूढ़े और लोगों को लंगर-ए-हुसैनी तक्सीम किए अषाढ़ा स्थित इमामबाड़ा कोठी में मोहर्रम की पहली तारीख से लगातार दस दिन तक मजलिस का आयोजन कार्यक्रम किया जाता है यहां ?बड़ी तादाद में लोग मौजूद होते हैं। मजलिस में मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में अपनी और परिवार वालों की कुर्बानियां पेश कर अपने नाना हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के दीन को बचा लिया उन्होंने फरमाया अच्छाई की पहचान और हक को जिंदा रखने के लिए ही इमाम हुसैन ने शहादत पेश की और किसी धर्म विशेष या समुदाय विशेष के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता जाति के लिए एक आदर्श है।



## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर दो लहूलुहान

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सैनी की तरफ से आ रही बाइक और कार जैसे ही कोखराज थाना के टेढ़ीमोड़ ओवर ब्रिज के पास पहुंची ओवरटेक के चक्कर मे कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया है कार की टक्कर लगते ही बाइक रोड के किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई जिससे 2 लोगों को गंभीर चोट आई है कार चालक मौके से फरार हो गया घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है बाइक चालक विकास कुमार उम्र 23 वर्ष पुत्र मूलचंद्र पटेल निवासी झंझागढ़ चमाधा कशिया अपने रिश्तेदार राम आसरे निवासी काजीपुर पूरा मुफ्ती के साथ गुरुवार को बाइक से कहीं जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार टेढ़ी मोड़ ओवर ब्रिज के पास पहुंचे पीछे से आ रहे तेज गति कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी है कार की टक्कर लगते ही बाइक सवार ट्रक से टकरा गए हैं जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं सूचना पर पहुंची हल्का पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र सिराथू में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने गंभीर स्थिति बताकर घायलों को रेफर कर दिया है परिजनो ने मंझनपुर के निजी अस्पताल पूर्णिमा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।

# अधिकारी विकास योजनाओं को कर रहे बर्बाद

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** हर घर जल योजना के तहत पानी के बिछाए जा रहे पाइप लाइन ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है जहां एक और लोगों को घर-घर पानी मिलने की उम्मीद जागी थी लेकिन ग्रामीणों के आवागमन के रास्ते हर घर जल योजना के अधिकारी और ठेकेदार बर्बाद करने में लगे हैं और आला अधिकारी हर घर जल योजना के अधिकारियों के कारनामों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं जिससे ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ गई है बताया जाता है कि पाइप लाइन डालने के बाद गड्ढे खोदकर छोड़ दिए जाते हैं कहीं-कहीं गड्ढे में मिट्टी डाल दी जाती है लेकिन ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्व से लगाए गए इंटरलॉकिंग को गड्ढों में फिर से नहीं लगाया जाता है जिससे बारिश के चलते गड्ढों में जल भरा होता है कीचड़ एकत्रित होता है आने-जाने में फिसलन होती है और लोग रास्ते के गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं लेकिन उसके बाद भी हर घर जल योजना के अधिकारियों की नकेल अभी तक अधिकारी नहीं कस पाए हैं जिले के सैकड़ों गांव के ग्रामीण हर घर जल योजना के अधिकारियों के कारनामे से त्रस्त हो चुके हैं लेकिन उसके बाद भी आम जनमानस की सुनने वाला कोई नहीं है। सरसवा विकासखंड के टिकरा ढेरहा गांव निवासी विमल मिश्रा एडवोकेट ने बीते सप्ताह जिलाधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया कि उनके गांव में हर घर जल योजना के तहत पाइपलाइन डाले गए हैं लेकिन पाइपलाइन डालने के समय उखाड़े गए इंटरलॉकिंग को नहीं लगाया गया है जिससे गांव की गलियों में कीचड़ और जलभराव हो रहा है बारिश के चलते यह समस्या मुसीबत बन चुकी है लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है फिसलन के चलते लोग गड्ढे में गिर रहे हैं और घायल हो रहे हैं ग्राम पंचायतों से लाखों करोड़ो की सरकारी रकम खर्च करके इंटरलॉकिंग लगाई जाती है पाइप लाइन डालने के बहाने हर घर जल योजना के अधिकारी इंटरलॉकिंग को बर्बाद कर रहे हैं जिससे सरकार का राजस्व का बड़ा नुकसान भी हो रहा है डीएम को पत्र देने के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी टिकरा ढेरहा गांव के गड्ढों को समतल नहीं किया गया है जिससे हर घर जल योजना के अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है ग्राम पंचायतों द्वारा लगाए गए इंटरलॉकिंग को बर्बाद करने वाले हर घर जल योजना के अधिकारी और ठेकेदारों से इंटरलॉकिंग की रकम भू राजस्व की भांति वसूले जाने की जरूरत है लेकिन अभी तक विकास भवन के अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों की इंटरलॉकिंग बर्बाद करने वाले हर घर जल योजना के अधिकारी और ठेकेदारों से बर्बाद की गई इंटरलॉकिंग की रकम भू राजस्व विभाग की वसूली नहीं की है जिससे हर घर जल योजना के अधिकारी और ठेकेदार बेलगाम हैं ग्रामीणों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बर्बाद की गई इंटरलॉकिंग की रकम ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों से वसूली कराए जाने की मांग की है।

**हर घर जल योजना**

पाइप लाइन डालने के बाद खोदे गए गड्ढे पर पूर्व के इंटरलॉकिंग को ना लगाए जाने से आवागमन में हो रही दिक्कत

हर घर जल योजना के अधिकारी और ठेकेदारों से इंटरलॉकिंग की रकम भू राजस्व की भांति वसूले जाने की जरूरत



## मालामाल हो रहे अधिकारी !

# बार-बार घोटाला बार-बार निलंबन बार-बार तैनाती

## भ्रष्टाचार में लिप्त पंचायत सचिव को संरक्षण देकर दो वर्षों से सैकड़ों करोड़ का सरकारी खजाना खाली करने में सफल दिखाई पड़ रहे हैं जिला पंचायत राज अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायतों में बढ़ते भ्रष्टाचार के बीच बार-बार शिकायतें हो रही है शिकायतों के बाद कुछ मामले में तो जांच के दौरान लीपापोती होती है कुछ मामले में दोषी पाए जाने के बाद अधिकारियों नेताओ के दबाव में पंचायत सचिव को निलंबित किया जाता है लेकिन कुछ दिन बाद फिर उन्हें नियम विरुद्ध तरीके से बहाल कर दिया जाता है गजब की बात यह है कि जहां से उन्हें निलंबित किया जाता है घोटाले की लीपापोती करने के लिए उन्हें फिर उसी गांव में तैनाती दे दी जाती है बीते 2 वर्षों से पंचायत सचिव के साथ इस खेल की आड़ में जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला विकास अधिकारी मालामाल हुए हैं लेकिन उसके बाद भी पंचायत सचिव के खेल पर आला अधिकारी गंभीर नहीं हुए जिससे जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला विकास अधिकारी निरंकुशता के साथ पंचायत सचिव की तैनाती निलंबन और बहाली के मामले में मनमानी तरीके से आदेश निर्देश जारी कर रहे हैं 2 वर्षों के बीच पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार घोटाले के आरोप पर उनका निलंबन उनकी बहाली के बाद तैनाती के लिए दिए गए आदेश की शासन स्तर से जांच हो जाए तो जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला विकास अधिकारी के कारनामों की कलाई खुलना तय हैं लेकिन क्या निष्पक्ष जांच हो पाएगी बार-बार घोटाला बार-बार निलंबन बार-बार बहाली बार-बार उसी स्थान पर तैनाती की आड़ में सरकार के सैकड़ो करोड़ के खजाने खाली हो चुके हैं लेकिन जिला मंडल से लेकर शासन स्तर तक बैठे अधिकारी तमाशबीन बने हुए हैं ताजा मामला सिराथू विकासखंड क्षेत्र के मलाक पींजरी ग्राम पंचायत का है सिराथू विकासखंड क्षेत्र के मलाक पींजरी गांव में विकास कार्यों के मामले में भ्रष्टाचार धांधली का आरोप तत्कालीन पंचायत सचिव मनोज सोनी पर लगा था जांच के दौरान अधिकारियों ने मनोज सोनी को भ्रष्टाचार का दोषी पाया घोटाले के आरोप में पहले मनोज सोनी को निलंबित किया गया था फिर कुछ दिन बाद नियम विरुद्ध तरीके से उसे बहाली दे दी गई फिर भ्रष्टाचार का आरोप लगा और कुछ दिन बाद फिर निलंबन आदेश जारी कर दिया गया घोटाले का आरोप लगने के बाद उसकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई उसे रिकवरी भी नहीं कराई गयी उसे बर्खास्त करने की कार्यवाही नहीं की गई और सारे अपराध को नजरअंदाज करते हुए फिर बहाली दे दी गई 2 महीने से ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव की तैनाती नहीं थी लेकिन फिर पंचायत सचिव मनोज सोनी को मलाक पींजरी में तैनाती देकर सरकारी खजाना खाली करने की योजना बना ली गई है इसके पहले घोटाले के मामले की जांच अभी पूरी नहीं हो सकी जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाना चाहिए उसे तैनाती दे दी गई है जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर जिसे गिरफ्तार कर उसकी संपत्तियों को नीलाम करा कर सरकारी रकम की भरपाई की जानी चाहिए उसे बगल में बैठाकर अधिकारी वार्ता कर मालामाल हो रहे हैं मामला बड़ा गंभीर है और सुबह की योगी सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया तो पंचायत सचिव और बिकास भवन के अफसरों के घर योगी का बुलडोजर चलना तय है।

## सरकारी नलकूप के प्राईवेट चालक ने किसान को दी जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना अंतर्गत कमालपुर गांव का आल्हा पटेल पुत्र स्व० राजाराम किसान है! मंगलवार की रात्रि करीब 11बजे सरकारी नलकूप से धान की रोपाई करने के लिए खेत में पानी लगाने गया था! गांव के ही सरकारी नलकूप के प्राईवेट चालक कल्लू ठाकुर ने पानी देने से इंकार कर दिया आल्हा पटेल ने कहा कि मेरी तरफ के सभी लोगों को पानी दे दिया मुझे पानी देने से इंकार कर रहे हो इतनी सी बात में प्राईवेट नलकूप चालक ने किसान को गाली गलौज देते हुए जान से मारने की नियत से दौड़ा लिया! उसी रात्रि से आल्हा पटेल घर नहीं पहुंचा शकुन्तला देवी ने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि प्राईवेट नलकूप चालक कल्लू ठाकुर ने मेरे पति को जान से मार डालने की धमकी देते हुए देख लेने को कहा है! उसी रात्रि से मेरा पति गायब है! रिश्ते दारी व अन्य जगहों पर खोज बीन किया परन्तु अभी तक कोई पता नहीं चला है! पीड़ित महिला ने दो लोगों के विरुद्ध लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र थाना चरवा में दिया चरवा पुलिस जांच में जुट गई है।

# छेड़खानी और मारपीट करने वाले 6 दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस तलाश में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी।** राष्ट्रीय राजमार्ग में बीती शाम कई युवकों ने मोटर साइकिल सवार युवतियों से छेड़खानी की थी विरोध करने पर अपने कई साथियों को बुलाकर जमकर मारा पीटा था पीड़ित युवक संजय पुत्र श्यामलाल निवासी कोंडर थाना मंझनपुर ने सैनी कोतवाली में तहरीर देकर मनचलों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी संजय ने तहरीर देकर बताया कि वह अपनी चचेरी बहनों के साथ अमिलिहापाल खागा से अपने घर कोंडर जा रहा था बुदवन के पास से एक बाइक में 3 सवार युवक मोटरसाइकिल आगे पीछे कर भद्दे कमेंट इशारा कर छेड़ रहे थे अमांव होटल के पास रुक कर समझाया जिसमे वाद विवाद हुआ इतने में युवकों ने अपने गांव से कुछ युवकों को और बुला लिया युवकों ने उसकी चचेरी बहनों और उसे जमकर मारा पीटा है सभी युवक सैनी कोतवाली के कनवार ग्राम सभा के मजरे जोरावर पुर के पंकज, जयकरण, गुलशन, महेंद्र, इंद्राज, रिंकू के खिलाफ नामजद तहरीर दी है पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## चाकू मारकर बाइकर्स गैंग ने दंपति को लूटा

**अझुवा कौशाम्बी** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के ज्वाला देवी और हरबनसा तालाब के पास बाइकर्स गैंग के लुटेरों ने बुधवार की रात्रि 10:00 बजे बाइक सवार दंपत्ति पर चाकुओं से हमला कर दंपत्ति से सोने के जेवर नगदी लूट लिया है मामले की सूचना पाते ही मौके पर पुलिस पहुंची है लेकिन बाइकर्स गैंग का कोई सुराग नहीं लग सका है जानकारी के मुताबिक कड़ा शीतला धाम निवासी उमेश प्रताप पुत्र स्व राम प्रताप व उनकी पत्नी बुधवार की रात्रि 10 बजे मोटर साइकिल से सैनी से घर जा रहे थे जैसे ही दंपत्ति कड़ा धाम कोतवाली के हरबनसा तालाब से ज्वाला देवी के बीच पहुँचे लाल पलसर बाइक सवार बाइकर्स गैंग के सदस्यों ने दंपति को चाकुओं के दम पर रोक लिया और चाकुओं से प्रहार कर लूट शुरू कर दी महिला के कान के झुमके पायल मोबाइल गाड़ी की चाभी व 5000 रुपये नगद लूटने के बाद लुटेरे फरार हो गए है समाचार लिखे जाने तक पुलिस लुटेरों के गैंग का सुराग नहीं लगा सकी है।

## प्लास्टिक के थैले में भर कर नवजात को फेंका

**करारी कौशाम्बी।** करारी कस्बा में मंझनपुर जाने वाली सड़क पर बुधवार की रात्रि में किसी महिला ने एक नवजात शिशु को प्लास्टिक के थैले में भरकर फेक दिया है सड़क पर नवजात का शव मिलने पर हड़कंप मच गया है सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई है नवजात को लेकर पुलिस चिकित्सकों के पास पहुंची है जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

संपादकीय

# रुपये के वैश्विक मुद्रा स्वरूप की ओर भारत का पहला कदम

भारतीय मुद्रा रुपए की सशक्त वैश्विक मुद्रा के रूप में मान्यता के भारत सरकार के प्रयासों का अब परिणाम सामने आने लगा है। डालर ;और एक हद तक यूरोद्धके एक मात्र वैश्विक मुद्रा के रूप में मान्यता के चलते डालर के भावों में जब चाहे बढोत्तरी और घटोतरी के रूप में अमेरिका की दादागिरी जगजाहिर है।इसके कारण डालर में लेनदेन करने वाले देशों को कभी कभी बड़े व्यापारिक घाटे का सामना करना पड़ता है। विशेषरूप से विदेशों से डालर में व्यापारिक संबंधों को रखने वाला भारत हर दिन डालर केअंतर्राष्ट्रीय मूल्यन के मनमाने उतार चढाव सेप्रभावित होता रहता है। अपने व्यापारिक और राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए भारत ने रुपए में भुगतान के प्रस्तावए अपने व्यापारिक सम्बन्ध रखने वाले देशों से किये हैं। वर्तमान में अगर औपचारिक भुगतानों को छोड़ दें तो भारत के पडौसी देशों में आम नागरिकए निर्धारित मूल्यन के आधार पर रुपए में भुगतान कर सामान खरीद सकता है।किन्तु जब तक संधि न हो तब तक अपनी अपनी मुद्रा में औपचारिक भुगतान सम्भव नहीं है।

भारत और संयुक्त अरब अमीरात यूएई के बीच स्थानीय मुद्रा में कारोबार के लिए शनिवार को महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इसके बाद दोनों देश रुपए और यूएई की मुद्रा दिरहम में कारोबार करेंगे।दुनिया के किसी देश से भारत का यह इस तरह का पहला समझौता है।पीएम नरेंद्र मोदी पिछ्लेशनिवार को फ्रांस से एकदिन की यात्रा पर यूएई पहुंचे थे।इस यात्रा में मोदी और यूएई के राष्ट्रपति व अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नह्यान के बीच दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर व्यापक बातचीत हुई व्यापार और निवेशए फिनटेक ऊर्जाए जलवायु परिवर्तन औरउच्चतर शिक्षा के साथ.साथ कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई।भारत व यूएई के बीच तीन अहम समझौते भी हुए।अबू धाबी में पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नह्यान के समक्ष आरबीआई के गवर्नर डॉ शशिकांत दास और रिजर्व बैंक ऑफ यूएई के गवर्नर खालिद मोहम्मद बालमा ने हस्ताक्षर किए।यूएई के राष्ट्रपति से भेंट के बाद मोदी ने कहा कि पिछले साल व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से भारत यूएई व्यापार में बीस प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।उन्होंने कहा दोनों देशों की मुद्राओं में व्यापार के लिए हुआ समझौता दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग और आपसी विश्वास को दशार्ता है।इससे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा हम यूएई संघ व्यापार को 85 से बढ़ाकर 100 अरब डालर तक ले जाएंगे।

इंटरनेशनल स्टैंडर्ड ऑगेर्नाइजेशन लिस्ट के अनुसार दुनिया भर में कुल 185 करेंसी हैं।हालांकिए इनमें से ज्यादातर मुद्राओं का इस्तेमाल अपने देश के भीतर ही होता है।कोई भी मुद्रा दुनिया भर में किस हद तक प्रचलित है।यह उस देश की अर्थव्यवस्था और उसकी आर्थिक व राजनैतिक शक्ति पर निर्भर करता है।

दुनिया की दूसरी ताकतवर मुद्रा यूरो हैए जो दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के विदेशी मुद्रा भंडार में 19०9 फीसदी है।जाहिर है डॉलर की मजबूती और उसकी स्वीकार्यता अमरीकी अर्थव्यवस्था की ताकत को दशार्ती है।कुल डॉलर के 65 फीसदी डॉलर का इस्तेमाल अमरीका के बाहर होता है।स्मरणीय है कि दुनिया भर के 85 फीसदी व्यापार में डॉलर की संलिप्तता है।दुनिया भर के 39 फीसदी कर्ज.डॉलर में दिए जाते हैं।इसलिए विदेशी बैंकों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में डॉलर की जरूरत होती है।

1944 में ब्रेटनवुड्स समझौते के बाद डॉलर की वर्तमान मजबूती की शुरूआत हुई थी।उससे पहले ज्यादातर देश केवल सोने को बेहतर मानक मानते थे।उन देशों की सरकारें वादा करती थीं कि वह उनकी मुद्रा को सोने की मांग के मूल्य के आधार पर तय करेंगे।

1970 की शुरूआत में कई देशों ने डॉलर के बदले सोने की मांग शुरू कर दी थीए क्योंकि उन्हें मुद्रा स्फीति से लड़ने की जरूरत थी। उस समय राष्ट्रपति निक्सन ने फोर्ट नॉक्स को अपने सभी भंडारों को समाप्त करने की अनुमति देने के बजाय डॉलर को सोने से अलग कर दिया था।तब तक डॉलर दुनिया की सबसे खास सुरक्षित मुद्रा बन चुका था।

मार्च 2009 में चीन और रूस ने एक नई वैश्विक मुद्रा की मांग की। वे चाहते हैं कि दुनिया के लिए एक रिजर्व मुद्रा बनाई जाए श्जो किसी इकलौते देश से अलग हो और लंबे समय तक स्थिर रहने में सक्षम होए इस प्रकार क्रेडिट आधारित राष्ट्रीय मुद्राओं के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान को हटाया जा सकता हैश।चीन को चिंता है कि अगर डॉलर की मुद्रा स्फीति तय हो जाए तो उसके खरबों डॉलर किसी काम के नहीं रहेंगे। यह उसी सूरत में हो सकता है जब अमरीकी कर्ज.को पाटने के लिए यूएस ट्रेजरी नए नोट छापे। चीन ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से डॉलर की जगह नई मुद्रा बनाए जाने की मांग की है।

2016 की चौथी तिमाही में चीन की युआन दुनिया की एक और बड़ी रिजर्व मुद्रा बनी थी।2017 की तीसरी तिमाही तक दुनिया के केंद्रीय बैंक में 108 अरब डॉलर थे। यह एक छोटी शुरूआत हैए इसी कारण चीन चाहता है कि उसकी मुद्रा वैश्विक विदेशी मुद्रा बाजार में व्यापार के लिए पूरे तौरसे इस्तेमाल हो। यह ऐसा होगा जैसे डॉलर की जगह युआन को वैश्विक मुद्रा के रूप में इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए चीन अपनी अर्थव्यवस्था को सुधार रहा है।

2007 में फेडरल रिजर्व के चेयरमैन एलेन ग्रीनस्पैन ने कहा था कि यूरोए डॉलर की जगह ले सकता है।2006 के आखिर तक दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में यूरो 25 प्रतिशतहो गया था। जबकि डॉलर 66 प्रतिशतथा। दुनिया के कई इलाकों में यूरो का प्रभुत्व भी है। यूरो इसलिए भी मजबूत है क्योंकि यूरोपीय यूनियन दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

जिस मूल्य ;दरद्ध पर एक देश की मुद्रा दूसरे देश की मुद्रा से बदली जाती है उसे ष्एक्सचेंज रेटष् कहते हैं। किसी भी देश की करेंसी का मूल्य बाजार में उसकी मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। जैसे एक सामान्य व्यापारी सामान की खरीद.फरोख्त करता हैए वैसे ही फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में विदेशी मुद्रा का क्रय.विक्रय होता है। एक्सचेंज रेट दो प्रकार के हो सकते हैं. स्पॉट रेट यानी आज के दिन विदेशी मुद्रा का मूल्य और फॉरवर्ड रेट यानी भविष्य में किसी तारीख के लिए एक्सचेंज रेट।पहला तरीकाए जिसमें बेस करेंसी किसी अन्य देश की होती है जैसे डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत। इसमें डॉलर बेस करेंसी हैए जबकि रुपया काउंटर करेंसी। दूसरा तरीकाए जिसमें घरेलू मुद्रा बेस करेंसी होती है और विदेशी मुद्रा काउंटर करेंसी।

# 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाओं में हाथी अकेला चलेगा !

**अशोक भाटिया**



उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को दिल्ली में प्रेस कॉफ्रेंस की। इसमें उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। मायावती ने कहाए ष्छक। और ण्छ्ण्क्ण्ण्। दोनों के साथ हम नहीं हैं। राजस्थानए छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी।मायावती ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर निशाना साधा और कहा कि गठबंधन की राजनीति कांग्रेस करती है। उनका जातिवादी दलों के साथ गठबंधन है। वहींए ठश्रच की बातें.दावे खोखले हैं। कांग्रेस सत्ता में आने के लिए गठबंधन कर रही है। हम ऐसा नहीं कर सकते।

मायावती का कहना था कि लोकसभा चुनाव बेहद नजदीक हैं। छक। और विपक्षी पार्टियों के गठबंधन की बैठकों का दौर चल रहा है। एक तरफ छक। अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की दलीलें दे रहा है। दूसरी तरफए विपक्ष गठबंधन सत्ताधारी को मात देने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें बसपा भी पीछे नहीं है।कांग्रेस पार्टीए अपने जैसी जातिवादी और पूंजीवादी सोच रखने वाली पार्टियों के साथ गठबंधन करके फिर से सत्ता में आने की सोच रही है। सभी विपक्षी दलों की सोच एक जैसी हैए यही कारण है कि बसपा ने इनसे दूरी बनाई है।

देखा जाय तो बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की कोशिशों को तभी तगड़ा झटका दिया था जब 15 जनवरी अपने जन्मदिन के अवसर पर मायावती ने 2024 को लेकर बसपा की रणनीति का खुलासा किया था । उन्होंने साफ किया था कि बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेगी। किसी के साथ कोई भी गठबंधन नहीं होगा। यही नहींए 2023 में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं वहां भी कोई गठबंधन नहीं किया जाएगा।बसपा सुप्रीमो मायावती अपने 67वें जन्मदिन के मौके पर अलग अंदाज में नजर आईं थी । उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के हर एक सवाल का जवाब दिया था फिर चाहे वो बसपा को चुनाव में मिल रही हार पर सवाल हो या भाजपा के पसमांदा प्रेम पर। मायावती ने हर सवाल का खुलकर जवाब दिया। मायावती ने कहा कि 2023 में राजस्थान ए मध्य प्रदेशए छत्तीसगढ़ और 2024 के लोकसभा के चुनाव बसपा अकेले लड़ेगी। किसी के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी क्योंकि कांग्रेस ने कुछ दिनों से ये भ्रम फैला रखा था कि वो बसपा से गठबंधन करेंगे लेकिन बसपा ये नहीं करेगी। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस और कुछ अन्य दल हमारी पार्टी से गठबंधन करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन हमारी विचारधारा अन्य पार्टियों से एकदम अलग है। बसपा लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों में किसी भी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं करेगी।

देखा जाय तो उत्तर प्रदेश की राजनीति में बहुजन समाज पार्टी करीब 25 फीसदी वोट बैंक की राजनीति करती रही है लेकिनए लोकसभा चुनाव 2014 के बाद से पार्टी की स्थिति लगातार खराब होती गई। वर्ष 2007 में उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के समय मायावती ने पार्टी के बहुजन को सर्वजन में बदलकर प्रदेश में अकेले दम पर सरकार बनाने लायक बहुमत दिला दिया था। इस चुनाव में बसपा के कोर वोट बैंक दलितए मुस्लिम और ओबीसी के साथ ब्राह्मण वोट को जोड़ा गया हालांकिए यह दांव मायावती पर भारी पड़ गया। इस चुनाव के बाद पार्टी लगातार प्रदेश के चुनावी मैदान में पिछड़ती चली गई।

करीब 2 साल बाद ही हुए लोकसभा चुनाव 2009 में पार्टी को आशातीत सफलता नहीं मिली। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 20 सीटों पर जीत दर्ज की थी। सत्ता में रहने के बावजूद प्रदेश में पार्टी तीसरे स्थान पर रही। बसपा के आगे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस थी। सपा को 23 और कांग्रेस को 21 सीटों पर जीत मिली थी। 2007 के उत्तरप्रदेश चुनाव में बसपा के साथ गया ब्राह्मण वोट बैंक कांग्रेस से जुड़ा और पूरा खेल पलट गया। मायावती ने अपने शासनकाल में विकास और कानून व्यवस्था की स्थिति का जिक्र अब तक करती हैं लेकिन इसे अपने वोट बैंक तक पहुंचाने में वे कामयाब नहीं रहीं।

2007 से 2012 तक उत्तर प्रदेश की सत्ता में रहने और प्रभावी कानून व्यवस्था के बावजूद मायावती प्रदेश की राजनीति में वह छाप नहीं छोड़ पाई जिससे उनकी वापसी संभव हो सके। ऐसे में उन्होंने आगामी राजस्थानए कर्नाटकए मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और वर्ष 2024 के आम चुनाव से पहले गठबंधन न करने की घोषणा कर बड़ा संदेश अपने वोट बैंक को देने का प्रयास किया । लोकसभा चुनाव 2014 के बाद से हुए चुनाव परिणाम इसकी गवाही देते हैं। बसपा ने इस दरम्यान कई राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन किया लेकिन उसका परिणाम पार्टी के पक्ष में उस स्तर पर निकल कर नहीं आया।

बसपा के संस्थापक कांशीराम ने पंजाब से आकर उत्तर प्रदेश की राजनीति को खासा प्रभावित किया था लेकिन पंजाब चुनाव 2022 में बसपा ने अकाली दल से गठबंधन किया और पार्टी को कोई बड़ी सफलता नहीं मिली। अन्य राज्यों में भी पार्टी को गठबंधन का लाभ नहीं मिल पाया है। समान विचारधारा वाली पार्टियों से गठबंधन के बाद भी मायावती अपने वोट बैंक को अपने पक्ष में मोड़ पाने में कामयाब नहीं हो पाई। वोट ट्रांसफर कराने में कामयाबी नहीं मिली तो अब उन्होंने वोट बैंक के बीच खुद को स्थापित करने का निर्णय ले लिया है।

कांशीराम ने बहुजन समाज को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व की बात करते हुए बसपा की स्थापना की थी। वे अपने उस लक्ष्य को लेकर चलते रहे लेकिन वर्ष 2007 में मायावती ने जिस मनुवाद की खिलाफत को लेकर पार्टी का गठन किया गयाए उस ब्राह्मण समाज को साथ ले लिया। इसके बाद दलितों का एक प्रकार से इस पार्टी से मोहभंग हुआ। वर्ष 2014 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की दखल ने गैर यादव ओबीसी वर्ग को अपनी तरफ लाने में बड़ी कामयाबी हासिल की।

यह बसपा के लिए पहला झटका था। इसके बाद से लगातार मायावती को झटके लगे हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से स्थिति में बदलाव होता दिखा। उत्तर प्रदेश की राजनीति पलटी। सवर्ण और ओबीसी एक पाले में आए तो तमाम गठबंधन धराशायी हो गए। भाजपा ने इसके बाद मायावती की दलित पॉलिटिक्स में सेंधमारी की। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव परिणाम इसकी गवाही देते हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा को 19०60 फीसदी वोट मिलेए लेकिन पार्टी का एक भी सांसद नहीं चुना जा सका।

समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन मायावती के लिए भारी पड़ा। जिस प्रकार वर्ष 2007 में छोटे लक्ष्य के लिए ब्राह्मणों को साधने का जो दांव मायावती ने खेला थाए कुछ उसी प्रकार की स्थिति फिर दिखी। मायावती का वोट बैंक समाजवादी पार्टी की खिलाफत करता रहा था। लखनऊ का गठबंधन गांवों में उतर नहीं पाया। इस कारण वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 19०3 फीसदी वोट हासिल करने के बाद भी बसपा भाजपा को 49 ०6 फीसदी यानी करीब 50 फीसदी वोट हासिल करने से रोक नहीं पाई। गठबंधन से नाराज वोट बैंक ने भाजपा का रुख कर लिया।

उत्तर प्रदेश चुनाव 2022 में कुछ यही स्थिति दिखी। गैर जाटव दलित वोट भाजपा और सपा में बंटता दिखा। मायावती अब इसी वोट बैंक को साधने की कोशिश करती दिख रही हैं। अपने आधार वोट बैंक दलित और मुस्लिम को साधने की कोशिश मायावती ने शुरू की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इमरान मसूद जैसे नेताओं के जरिए पार्टी का जनाधार बढ़ाने का प्रयास है। चलो गांव की ओर कार्यक्रम के जरिए पार्टी अपने वोटरों को मनाने की कोशिश करेगी। उन्हें समझाया जाएगा कि पार्टी अब अपने पुराने स्वरूप में लौट आई है।लोग मानते हैं या नहींए देखना दिलचस्प होगा।

मायावती मानना है कि बहुजन समाज के लोगों की हितैषी बसपा का मुख्य लक्ष्य धन्ना सेठों से दूर रहकर एससी.एसटीए ओबीसी व मुस्लिम समाज आदि से मिलकर बने इस बहुजन समाज के लोगों में भाईचारे के गठजोड़ के बल पर चुनाव जीतकर इनके सामाजिक और आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करना है।

गौरतलब है कि गत उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक करोड़ 18 लाख वोट पाने वाली बसपा का खाता बमुश्किल ही खुल पाया। पार्टी सिर्फ रसड़ा सीट ही जीत पाई है जबकि प्रदेश में दलित वोटरों की संख्या लगभग तीन करोड़ है। ऐसे में बड़ी संख्या में दलित वोट बैंक शिफ्ट होने से बसपा के रणनीतिकारों की नींद उड़ गई है। बसपा का सबसे बड़ा वोट बैंक भी दलित वोटर ही रहे हैं। इसके साथ बसपा सोशल इंजीनियरिंग कर चुनाव परिणामों को प्रभावित करती रही है।

# केजरीवाल को समर्थन काँग्रेस के लिये घातक है ।

**राजेश कुमार पासी**

काँग्रेस बुरी तरह से केजरीवाल के जाल में फंस गई है । अध्यादेश पर काँग्रेस ने केजरीवाल के समर्थन का फैसला कर लिया है । अगर ये फैसला उसने अपनी मर्जी से किया होता तो कोई बात नहीं थी लेकिन काँग्रेस का यह फैसला केजरीवाल की धमकी और दूसरे दलों के कुछ नेताओं के दबाव में लिया गया है । काँग्रेस पर यह दबाव बनाया गया कि वो अगर केजरीवाल का समर्थन नहीं करती है तो केजरीवाल बेंगलुरू में हुई बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे । काँग्रेस ने अपने फैसले से केजरीवाल को बैठक में बुलाने में कामयाबी हासिल कर ली और केजरीवाल बड़ी खुशी.खुशी बैठक में आये और चले गये ।

कर्नाटक काँग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत जोरदार ढंग से किया लेकिन क्या इससे केजरीवाल काँग्रेस के दोस्त बन जायेंगेए यह सवाल काँग्रेस को खुद से पूछना चाहिये । वास्तव में केजरीवाल की राजनीति का चरित्र और क्षेत्र ऐसा है कि वो काँग्रेस के कभी दोस्त बन ही नहीं सकते । उन्हें गठबन्धन में शामिल करके काँग्रेस गठबन्धन की ताकत को बढ़ा सकती है लेकिन खुद को कमजोर कर देगी । इस सच्चाई को समझना है तो हमें गुजरातए गोवाए पंजाब और दिल्ली की काँग्रेस इकाई के नेताओं की बातों को समझना होगा । वो लोग नहीं चाहते थे कि केजरीवाल के साथ किसी भी किस्म का समझोता काँग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व करे । उनके विरोध का कारण यह है कि पंजाब और दिल्ली में केजरीवाल ने काँग्रेस से ही सत्ता छीनी है । केजरीवाल ने गुजरात और गोवा में काँग्रेस को बहुत नुकसान पहुँचाया हैए उसके कारण ही काँग्रेस को गुजरात में ऐतिहासिक हार का सामना करना पड़ा । अगर केजरीवाल गोवा में अपने उम्मीदवार नहीं खड़े करते तो शायद काँग्रेस गोवा में सत्ता प्राप्त कर सकती थी । केजरीवाल इन राज्यों तक रूकने वाले नहीं हैंए वो दूसरे राज्यों में भी काँग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं ।

अब सवाल उठता है कि फिर क्यों काँग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने केजरीवाल के सामने घुटने टेक दिये हैं ध उक्त चार राज्यो के काँग्रेसी नेता नहीं चाहते हैं कि उनकी पार्टी अध्यादेश के मुद्दे पर केजरीवाल के साथ दिखाई दे । यह बात वो काँग्रेस के बड़े नेताओं से निजी तौर पर मिलकर कह चुके हैं । वास्तव में काँग्रेस हाईकमान ने उनसे इस सम्बन्ध में खुद सलाह माँगी थी लेकिन सवाल उठता है कि फिर क्यों उनकी राय को काँग्रेस हाईकमान ने अनदेखा कर दिया । हो सकता है कि पटना बैठक के बाद अध्यादेश के मुद्दे पर जिस तरह से केजरीवाल बिदक गये थे और अगली बैठक में आने से मना कर दिया थाए उससे काँग्रेस पर भारी दबाव आ गया था कि उसके कारण गठबन्धन कमजोर हो सकता है । आम आदमी पार्टी को अब राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त है और दो राज्यों में उसकी सरकार चल रही है । ऐसी पार्टी को गठबन्धन के नेता अपने से दूर नहीं करना चाहते हों लेकिन सवाल उठता है कि गठबन्धन के लिये काँग्रेस अपने हितों की कुबार्नी कहाँ तक दे सकती है ध अब किस मुंह से उसके नेता पंजाब और दिल्ली में केजरीवाल का विरोध करेंगे ।

देखा जाये तो आजकल दिल्ली और पंजाब में काँग्रेस आम आदमी पार्टी पर भाजपा से ज्यादा आक्रामक दिखाई दे रही है लेकिन अब ये आक्रमण कैसे होगा ध अब इन दोनों राज्यों में काँग्रेस के नेताओं के आक्रमण पर उनका मजाक बनेगा । मेरा मानना है कि अगर केजरीवाल का साथ काँग्रेस के साथ बना रहता है तो दिल्ली और पंजाब से काँग्रेस खत्म हो सकती है । काँग्रेस के नेता भाजपा या आप में जा सकते हैं क्योंकि अब इन दोनों राज्यों में काँग्रेस की राजनीति के लिये कहाँ जगह रह गई है ध काँग्रेस को लगता है कि मोदी को हराने के लिये विपक्षी दलों का साथ जरूरी हैए यह सही भी हो सकता है लेकिन जो कीमत विपक्षी दल काँग्रेस से मांग रहे हैंए क्या वो कीमत देकर काँग्रेस को विपक्षी एकता से कुछ भी फायदा हो सकता है । ऐसी गलती कई बार काँग्रेस कई राज्यो में कर चुकी है और आज भी उसकी कीमत चुका रही है तो क्या फिर अपनी गलती दोहराने जा रही है काँग्रेसए ये उसे सोचना होगा ।

काँग्रेस भूल रही है कि आज केजरीवाल की पार्टी को जो राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त हैए वो काँग्रेस के नुकसान की कीमत पर ही मिला हैण मतलब साफ है कि काँग्रेस ने ही इसकी कीमत चुकायी है । सवाल उठता है कि अध्यादेश के मुद्दे पर समर्थन कर देने से क्या केजरीवाल काँग्रेस का साथ दे देंगेघ बिल्कुल नहींए बल्कि वो चाहते हैं कि काँग्रेस पंजाब और दिल्ली से बाहर निकल जायेण अगर काँग्रेस यह भी मान लेती है तो वो कल गोवा और गुजरात के लिये भी ऐसा बोल सकते हैं। काँग्रेस कहाँ तक जायेगीए ये वो खुद तय कर ले। अगर काँग्रेस केजरीवाल के साथ आगे बढ़ती है तो काँग्रेस की गोवा और गुजरात इकाई में भी बगावत हो सकती हैए पार्टी वहाँ टूट भी सकती है क्योंकि तब इन नेताओं के सामने भाजपा में जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा । काँग्रेस को यह समझ नहीं आ रहा है कि अगर विपक्षी एकता की जरूरत काँग्रेस को है तो उससे कहीं ज्यादा ये जरूरत विपक्ष की दूसरी पार्टियों को हैं क्योंकि उनका अस्तित्व ही खतरे में दिखाई दे रहा है । काँग्रेस को यह समझना होगा कि सिर्फ केजरीवाल ही नहींए और भी ऐसी पार्टियां हैं जो काँग्रेस को हटाकर खुद उसकी जगह लेना चाहती हैं । अगर काँग्रेस झुकती है तो दूसरी पार्टियां भी उसको झुकाने की कोशिश करेंगीए उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश करेंगी । केजरीवाल के बाद अखिलेश यादव ऐसा कर सकते हैंए नीतीश कुमारए लालू यादव कर सकते हैंए स्टालिन कर सकते हैंए महाराष्ट्र में एनसीपी और शिवसेना कर सकते हैं । काँग्रेस को यह सोचना होगा कि वो कहां तक अपना नुकसान करवा सकती है और फिर यह भी तो सवाल है कि विपक्षी एकता के नाम पर काँग्रेस ही कुबार्नी क्यों दें ध क्या अन्य विपक्षी दलों को सत्ता नहीं चाहिएए क्या उनको मोदी को नहीं हराना है ध जब मोदी सभी दलों के लिये खतरा बन चुके हैं तो गठबन्धन के लिये सिर्फ काँग्रेस से कुबार्नी की उम्मीद कैसे सही हो सकती है ध

अन्त में इतना कहना चाहता हूँ कि राजनीति में कोई दोस्त और दुश्मन नहीं होताए वक्त और हालात तय करते हैं कि आपका दोस्त कौन है और दुश्मन कौन है । जो दल आज काँग्रेस के दोस्त बनने की कोशिश कर रहे हैंए वो कल तक काँग्रेस को सबसे बड़ा दुश्मन मानते थे । आज वो उस जमीन पर खड़े हैंए जो उन्होंने काँग्रेस से ही छीनी है ।

# मानसून सत्र व्यर्थ नहीं, अर्थपूर्ण ढंग से चले

**-: ललित गर्ग :-**

मानसून सत्र दोनों सदनों में सुचारुरूप से चले इसके लिये सर्वदलीय बैठक में सहमति भले ही बनी हो, लेकिन अब तक के अनुभव के अनुसार यह सत्र भी हंगामेदार ही होना तय है। भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर देने के लिए विपक्ष ने ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया)द्ध नाम के नए गठबंधन की घोषणा कर दी है। नए गठबंधन के नेता संसद के मानसून सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी में लगे हैं। मानो विपक्षी दलों ने प्रण कर लिया है कि वह इस सत्र को भी सुगम तरीके से नहीं चलने देगा। मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और यह 11 अगस्त को खत्म होगा। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें रखी गई हैं। एक ओर जहां सत्ता पक्ष अहम विधेयकों को पारित करने की कोशिश में है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महंगाई, यूनिफॉर्म सिविल कोड और अडाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग करने में लगा हुआ है। कई और मुद्दों को लेकर भी वह सरकार को घेरने की फिराक में हैं। ऐसे में, विपक्ष की भूमिका देश व सरकार के प्रति अपने कर्तव्य और दायित्व के सही एवं सकारात्मक निर्वहन की होनी अपेक्षित है।

हम पिछले कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि किस प्रकार संसद के सत्र छोटे पर छोटे होते जा रहे हैं और साल में संसद बामुश्किल 55 या 56 दिन के लिए ही बैठती है और उसमें भी सार्थक चर्चा होने के स्थान पर सत्ता व विपक्षी खेमों के बीच एक-दूसरे के ऊपर आरोप-प्रत्यारोपों की बौछार होती रहती है और भारी शोर-शराबा मचता रहता है या बैठकें बार-बार स्थगित होती रहती हैं। विपक्ष का आक्रामक रूख और हंगामा उचित नहीं है। उसे अपनी छवि सुधारनी चाहिए। हर बार की तरह इस बार भी संसदीय अवरोध का कायम रहता है तो इससे लोकतंत्र कमजोर ही होगा। लोकतंत्र में संसदीय अवरोध जैसे उपाय किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। इस मौलिक सत्य व सिद्धांत की जानकारी से आज का पक्ष एवं विपक्षी नेतृत्व अगर अनभिज्ञ रहता है, तो यह अब तक की हमारी लोकतांत्रिक यात्रा की कमी को ही दशार्ता है। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की काली छाया से मानसून सत्र को बचाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

भारत पूरी दुनिया में संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और इसके बावजूद इसकी संसद की हालत ऐसी हो गई है कि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने में अब केवल मुश्किल से नौ महीने ही बचे हैं। इस अवधि में विपक्ष प्रभावी भूमिका में सामने आये, यह जरूरी है। वैसे भी संसद पर पहला अधिकार विपक्ष का होता है क्योंकि वह अल्पमत में होता है मगर उसी जनता का प्रतिनिधित्व करता है जिसका प्रतिनिधित्व बहुमत का सत्ताधारी दल करता है। अतः विपक्ष द्वारा उठाये गये मुद्दों और विषयों पर विशद चर्चा कराना सत्ताधारी दल का नैतिक कर्त्तव्य बन जाता है। मगर हम तो देखते आ रहे हैं कि पिछले सत्र में जिस प्रकार एक के बाद एक विधेयक बिना चर्चा के ही संसद के दोनों सदनों के भीतर भारी शोर-शराबे के बीच पारित होते रहे यहां तक कि चालू वित्त वर्ष के बजट को भी बिना किसी चर्चा के ही ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। ये लोकतांत्रिक प्रक्रिया को धुंधलाने के उपक्रम है। मानसून सत्र के दौरान सरकारी कार्यों की संभावित सूची में 31 नये विधेयकों को पेश या पारित करने के लिए शामिल किया गया है। इसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 को भी जोड़ा गया है। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश का स्थान लेने के लिए रखा जाएगा। आम आदमी पार्टी इस मामले को लेकर सरकार पर निशाना लगा रही है। हम भयंकर गलती कर रहे हैं क्योंकि हम उसी संसद को अप्रासंगिक बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिसके साये में इस देश का पूरी शासन-व्यवस्था चलती है और जिसमें बैठे हुए आम जनता के प्रतिनिधि आम लोगों से ताकत लेकर उसे चलाने की जिम्मेदारी उठाते हैं और इस मुल्क के हर तबके के लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए नीतियां बनाते हैं। भारतीय संविधान के तहत संसद को सार्वभौम इस तरह माना गया है कि इसे नये कानून बनाने का भी अधिकार है, बशर्ते वे कानून संविधान की कसौटी एवं जन-अपेक्षाओं पर खरे उतरते हो। इन कानूनों को पारित करने में सत्ता पक्ष से ज्यादा विपक्ष की भूमिका है, मगर हमने पिछले सत्र में देखा कि विपक्षी सांसदों ने संसद का बहिष्कार करके या उसका अवरोध करके उसको नहीं चलने दिया।

## हर इन्सान ने अपने अपने जीवन से प्यार करना सीखना चाहिये !

**( दत्ताराम दलवी, मुंबई - संवाददाता )**

मुंबई :- जब हम समाज में रहते हैं तो हमें कई अच्छे और बुरे अनुभव होते हैं। कई लोगों को ऐसे अनुभव होते हैं. लेकिन ज्यादातर समय हम किसी भी बात को दिल पर नहीं लेते। लेकिन स्थिति का सामना किए बिना उसे छोड़ देना पागलपन है। अगर हर कोई सकारात्मक सोच रखे तो बहुत सी चीजें आसान हो सकती हैं। जो बिना क्रोधित, क्रोधित या चिल्लाए समीर को कुछ भी बता पाने में सफल रहा वह सुखी जीवन जीता था। क्योंकि किसी पर गुस्सा करना तो बहुत आसान है लेकिन उसे दुख पहुंचाए बिना अपनी बात कहना बहुत मुश्किल है। क्योंकि यह प्रकृति का नियम हैह्न

जब एक स्थान पर दूसरी वस्तु आती है तो पहली चली जाती है। 'जैसे पानी आता है और धूल चली जाती है, हवा आती है तो गर्मी चली जाती है, रोशनी आती है तो अंधेरा दूर हो जाता है, अच्छे दिन आते हैं और बुरे दिन चले जाते हैं। इसलिए व्यक्ति को अपनी वाणी, व्यवहार और आदतों पर नियंत्रण रखना चाहिए। मनुष्य को ही ईश्वर ने इस सृष्टि पर बोलने के लिए जो कुछ दिया है उसका सदुपयोग करना सीखना चाहिए। अगर आप अच्छा बोलेंगे तो कुत्ता बैठ कर सुनेगा, नहीं तो भौंकना शुरू कर देगा।

यदि आप जीवन में शांति चाहते हैं, तो दूसरों से बहस करने के बजाय खुद को बदलें, क्योंकि पूरी उबड़-खाबड़ सड़क पर कालीन बिछाने की तुलना में अपने पैरों पर सैंडल पहनना बहुत आसान है। जिंदगी की कठिन राहों पर चलते हुए जब आप गिरते हैं तभी पता चलता है कि कौन हंस रहा है, कौन नजरअंदाज कर रहा है और कौन संभलने आ रहा है। कभी-कभी शांत रहना बहुत जरूरी होता है. इसीलिए जिंदगी हर सवाल का जवाब नहीं मांगती, क्योंकि पानी को घड़े में भरा तो जा सकता है, लेकिन जमा करके नहीं रखा जा सकता, भले ही आदमी अपना घर बदल ले, दोस्त बदल ले, कपड़े बदल ले, पार्टी या ग्रुप बदल ले, फिर भी वह दुखी इसलिए क्योंकि वह अपना स्वभाव और विचार नहीं बदलता, बंद मुट्ठी से रेत के निकलने की तरह। आपका जीवन धीरे-धीरे फिसलता हुआ प्रतीत होता है। लेकिन हम इस भ्रम में हैं कि हम साल दर साल बड़े होते जा रहे हैं। " लोगों से प्यार करो, उनकी आदतों से नहीं, इंसान से नाराज मत हो, उसकी बातों से नहीं, उसकी गलतियों को भूल जाओ लेकिन उसे मत भूलो " क्योंकि इस दुनिया में इंसानियत से बढ़कर कुछ भी नहीं है। 'जो गलत काम नहीं करता, उसे कोई चिंता नहीं होती, जिसके मन में दृढ़ विचार होते हैं, उसके मन में कोई भ्रम नहीं होता और जो साहसी होता है, उसे किसी बात की चिंता नहीं होती। संकटों से बचना लोगों के हाथ में नहीं है, बल्कि उन संकटों का सामना करना लोगों के हाथ में है, क्योंकि जीवन पानी की एक धारा है, अगर समुद्र तक पहुंचना है तो दरारें पार करनी होंगी।'

# महिलाओं के हित के बारे में विधिक प्राधिकरण ने दी जानकारी

## मानिकपुर में लगाया शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं राष्ट्रीय महिला आयोग तथा अध्यक्ष/जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा की अगुवाई में अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने तहसील सभागार मानिकपुर में महिलाओं के हित संरक्षण व अधिकारों की बाबत विधिक साक्षरता शिविर लगाया।



गुरुवार को शिविर में डॉ बरखा सिंह ने महिलाओं में होने वाले सवाईकल कैंसर से बचाव व लक्षण के बारे में बताया। श्रीमती प्रिया माथुर महिला कल्याण अधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, बालसेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई योजना के बारे में बताया। सुश्री मीनू सिंह ने गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम के बारे में बताया। रमेशचन्द्र शुक्ला एड ने महिलाओं के उत्थान के बारे में कानूनी जानकारी दी। सुश्री दमयन्ती एड ने दहेज हत्या, घरेलू हिंसा, बलात्कार, महिलाओं के सम्पत्ति के अधिकार के बारे में बताया। दलित महिला शसक्तिकरण टीम की प्रमुख सुनीता चैबे ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास की योजनाओं के बारे में बताया। परहित सेवा संस्थान मानिकपुर के प्रमुख अनुज हनुमत ने ग्रामीण अंचल के गरीब महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया। तहसीलदार आलोक प्रताप सिंह ने विधिक ज्ञान से ज्यादा महत्वपूर्ण है समाज के दायित्वों के प्रति जागरूकता व सक्रिय रूप से निर्वहन करना। अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नारी शक्ति को शासन की योजनाओं एवं विधिक प्राविधानों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कोई भी ज्ञान/कानून का सही प्रयोग होना चाहिए, ताकि पात्रों को लाभ मिल सके। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, नायब तहसीलदार घासीराम, प्रेमनारायाण यादव एड, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभाकर पाण्डेय व आंगनबाडी कार्यकर्तियां मौजूद रहीं।

# दो दम्पत्तियों के विवाद को पुलिस ने सुलझाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दो दम्पतियों में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया।



गुरुवार को भरतकूप थाने के पतौडा गांव की मजरा रहोनी पुरवा की श्रीमती आरती पुत्री रामनकल उर्फ बच्चा यादव ने पति गोरेलाल पुत्र मइयादीन यादव निवासी उतरवां थाना बदौसा जिला बांदा के दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने व सरधुआ थाने के मिर्जा हकीमपुर की श्रीमती सीमा पुत्री रामकृपाल ने पति धर्मेन्द्र पुत्र राममूरत निवासी मिर्जा हाकिमपुर ससुराल पक्ष के दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने बाबत पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपा था।

पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा था। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने शिकायतों को विस्तार से समझकर दूसरे पक्षों को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दोनों दम्पति ने तालमेल से रहने का वायदा किया। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव शामिल रही।

## पत्रकारिता, जनसंचार एवं डिजिटल मीडिया में कैरियर बनाने के लिए एग्नू द्वारा चलाए गए विभिन्न कोर्स में ले दाखिला-डॉ० धर्म पाल

**सोनीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ० धर्म पाल ने बताया कि भारतीय एवं वैश्विक स्तर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है पत्रकारिता एवं जनसंचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। नई-नई तकनीकों के कारण पत्रकारिता के नये-नये प्लेटफॉर्म बन गए हैं इसलिए वर्तमान परिपेक्ष के अनुरूप पत्रकारिता एवं जनसंचार को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में रोजगार मूलक शिक्षा के क्षेत्र में पत्रकारिता एवं जनसंचार का भी काफी महत्वपूर्ण स्थान है। पत्रकारिता, जनसंचार एवं डिजिटल मीडिया से डिग्री लेने के बाद सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकते है और इतना ही नहीं अपना कोई मीडिया प्लेटफार्म भी शुरू किया जा सकता है।

क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी ने बताया कि इग्नू द्वारा जनसंचार, पत्रकारिता एवं डिजिटल मीडिया पाठ्यक्रमों को सैधांतिक व रोजगारपरक दृष्टि से संतुलित बनाया गया है। विद्यार्थी पत्रकार के तौर पर, कंटेंट राइटर, फिल्मी उद्योग, जनसम्पर्क कर्मी, राजनितिक विशेषज्ञ, विसुअल एडिटर, विज्ञापन, इलेट्रॉनिक आदि क्षेत्रों में अपना भविष्य चुन सकते है।

# धरातल पर करें पौधरोपण, जीवित रहें पौधे, दिया जोरः कमिश्नर

## जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मंडलायुक्त आरपी सिंह ने जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में कहा कि पौधा लगाने का लक्ष्य वन विभाग के बाद पंचायती राज विभाग को दिया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र से कहा कि लगाए जा रहे पौधों में जियो टैगिंग करायें। पंचायत भवन, सचिवालय, सामुदायिक भवन, शौचालय आदि शासकीय भवनों में पौधे लगाये जाए। अभी से ही वृक्षारोपण शुरू कर दें, ताकि 22 जुलाई तक लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।




गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर आरपी सिंह ने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि वन ग्राम, अमृत सरोवर, अटल भूजल तालाबों पर पौधरोपण करायें। उपनिदेशक कृषि राजकुमार से कहा कि किसानों को लगाने को जो पौधे दिए जा रहे हैं, उनका निरीक्षण करें। जिला उद्यान अधिकारी से कहा कि फलदार वृक्षों के साथ पीपल, पाकड,.बरगद भी लगायें। समस्त विभागों के अधिकारियों से कहा कि जिन विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य शासन से निर्धारित है, वृक्षारोपण कराकर सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रधान, सदस्यों को दी जाये। शासन की महत्वाकांक्षी योजना में प्रत्येक जिले में वृक्षारोपण को नोडल अधिकारी नामित हैं, जो पौधे लगायें, वह सुरक्षित रहें। पौधा शत-प्रतिशत जीवित रहे। लक्ष्य से कम वृक्ष न लगाकर अधिक वृक्ष लगायें। पौधरोपण धरातल पर होना चाहिए। 22 जुलाई तक पौधरोपण कर सभी वृक्षों की जियो टैगिंग करायें।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मंडलायुक्त का स्वागत कर कहा कि शासन की मंशानुसार वृक्षारोपण के लक्ष्य को जिले में अधिक पौधरोपण कराया जाएगा। प्रभागीय वनाधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह ने पिछले वर्ष पौधरोपण की जानकारी देते हुए इस वर्ष के पौधरोपण की बात विभागों को दिये लक्ष्य के बारे में बताया। प्रत्येक ब्लाक के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम वन एवं नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में नंदनवन बनाए जा रहे हैं। सभी विभाग पौधों की उठान कर रहे हैं। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीपीआरओ कुमार अमरेन्द्र आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# सरधुवा पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिह की अगुवाई में पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे हैं।



गुरुवार को सरधुआ थाने के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने वारंटी चन्द्रभूषण सिंह पुत्र नत्थु सिंह व राजेन्द्र सिंह उर्फ पैलाडू निवासी देवारी को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही राहुल पुरी शामिल रहे।

इसी क्रम में सरधुआ थाने के दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने वारंटी राममिलन पुत्र त्रिलोक उर्फ तिलक यादव निवासी सरधुवा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय, सिपाही बब्बू राजा शामिल रहे।

# अनुसूचित जाति की नाबालिग बालिका से दुष्कर्म में हुई बीस साल की सजा

## एक लाख रुपये का जुमार्ना भी हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवीकर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश के अनुपालन में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द व पैरोकार रामकिशोर की पैरवी से अनुसूचित जाति की बालिका से दुराचार के मामले में अदालत ने आरोपी को 20 वर्ष कारावास व एक लाख रुपये जुमार्ना से दंडित किया।

गुरुवार को विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो तेजप्रताप सिंह की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय विशेष न्यायधीश पॉक्सो/अपर सत्र न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने भरतकूप में दर्ज दुष्कर्म एवं पॉक्सो के मामले में आरोपी रोहित पुत्र सुखलाल प्रजापति निवासी वीरामाफी को 20 वर्ष की सजा तथा एक लाख रुपये जुमार्ना से दण्डित किया।

उल्लेखनीय है कि चार मई 2021 को भरतकूप थाने में एक गांव की अनुसूचित जाति की वादिया ने तहरीर दी थी कि रोहित ने उसकी सात वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। सूचना पर थाने में उचित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मुकदमे की विवेचना तत्कालीन सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय ने की थी। पांच मई 2021 को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी के खिलाफ आठ जून 2021 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

## उद्योगों को सरकार दे रही 35 फीसदी अनुदान, फलदार पौधे नि:शुल्क बांटे जा रहे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि उद्यान विभाग से संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत जिले के किसानों, उद्यामियों एवं युवाओं को फ्लोर मिल, ऑयल मिल, मसाला उद्योग, डेयरी उत्पाद उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग, दालमिल, नमकीन उद्योग, फास्टफूड ढाबा, मिठाई उद्योग, अचार मुरब्बा, जूस सेक आदि उद्योगों पर भारत सरकार व उप्र सरकार ने 35 फीसदी अनुदान दे रही है। इच्छुक व्यक्ति जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर लाभ ले सकते हैं।

इसी क्रम में उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग ने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम राजकीय पौधशाला सपहा से निःशुल्क फलदार पौधे बांट रही है। इच्छुक किसान आधार कार्ड, खतौनी की छायाप्रति देकर लाभ ले सकते हैं। बीस जुलाई तक 125000 फलदार पौधे बांटे जा चुके हैं।

# रामनगर व मऊ ब्लाक में मना भू-जल सप्ताह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अटल भू-जल योजना के तहत भू-जल सप्ताह रामनगर ब्लाक के अमवा गांव व मऊ ब्लाक के नीबी व खपटिहा में पंडित चंद्रपाल त्रिपाठी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भू-जल सप्ताह मनाया गया।



गुरुवार को नोडल अधिकारी सौरभ सरोज अटल भूजल योजना की अध्यक्षता में डीआईपी ओम साईं नाथ ह्यूमन हेल्थ एंड वेलफेयर सोसायटी एवं मातृ भूमि विकास परिषद से क्रांति कुमार त्रिपाठी और ग्रामीण विकास शोध संस्थान से चंद्रशेखर ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यशाला में इंटर कॉलेज के सभी बच्चे, अध्यापक व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

भू-जल सप्ताह से बच्चों और गांव के लोगों को जल की उपयोगिता व महत्व के बारे में और जल संरक्षण की बाबत जागरूक किया। ग्राम पंचायत में प्रभातफेरी भी निकाली।

## गैर जिलों के नेता बांदा-चित्रकूट सीट को समझ रहे चारागाह, बडे शौक से मेरा घर जलाओ, कोई आंच तुझ पर न आयेगी

**अखंड भारत संदेश**

**राजेन्द्र पाण्डेय**

**चित्रकूट।** बडे शौक से मेरा घर जलाओ, कोई आंच तुझ पर न आयेगी, ये जुबां भी खरीद ली है, ये कलम किसी का गुलाम है- कुछ इस अंदाज में गैर जिलों से कुछेक नेतागण बांदा-चित्रकूट सीट को चारागाह समझ रहे हैं। ऐसे लोग लोकसभा चुनाव लडने को खासे बेताब दिख रहे हैं। यहां तक कि जिले के एक अधिवक्ता/स्कूल संचालक ने तो सूबे के वरिष्ठ मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता उर्फ नन्दी की पत्नी/पूर्व मेयर इलाहाबाद अभिलाषा गुप्ता का लोकसभा सीट से लडने का आवाहन भी कर दिया है।

गैर जिलों के कुछेक नेता बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट को चारागाह समझ रहे हैं। उनकी समझ में है कि इस सीट के मतदाता बेहद सरल-सीधे किस्म के हैं। ऐसे में उनकी नइया आसानी से पार हो जायेगी। वैसे इस सीट के प्रबल दावेदार पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र जिस ढंग से लोकसभा क्षेत्र में तेजी पकडे हैं, उससे प्रतीत होता है कि उन्हें शीर्ष नेतृत्व ने खासा भरोसा दे रखा है। सांसद आरके सिंह पटेल भी बांदा-चित्रकूट सीट से पुनः किस्मत आजमाने की फिराक में है। हालांकि उनकी सक्रियता पूर्व सांसद भैरों के मुकाबले कुछ ठंडी दिख रही है। उनके खास अधिवक्ता/स्कूल संचालक ने तो इलाहाबाद की पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता को इस सीट से चुनाव लडने का आवाहन करके लोगों को बता दिया है कि सांसद आरके सिंह पटेल शायद चुनाव लडने के तलबगार नहीं दिखते। वैसे इस बात में संदेह है।

गैर जिलों के नेताओं में पूर्व मंत्री रवीन्द्र शुक्ला, विधायक नीलम करवरिया, पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला, रमेश अवस्थी आदि यहां से चुनाव लडने को खासे तलबगार दिखते हैं। वे कहीं-कहीं तो अपने खास लोगों से खबरें भी छपवाते रहते हैं। भाजपा शीर्ष नेतृत्व दूसरे दल के जिताऊ नेता को भी यहां से चुनाव लडा सकती है। ऐसे में इन सबके अरमान धरे रह जायेंगे। वैसे भी इस संसदीय सीट यहां के पिछडेपन व सीधी-सादी जनता को आसानी से बेवकूफ बनाने को गैर जिलों के नेतागण तलबगार हैं। जिला पंचायत, ब्लाक प्रमुख, नगर निकाय में अध्यक्ष पदों पर वोटों की खूब लूट हुई है, इसे यहां की जनता भूली नहीं है। ऐसे में जागरूक लोग इन सब मुद्दों को लेकर भी सवाल खडे कर सकते हैं। इसी लिए बांदा-चित्रकूट के बारे में कहा गया है कि बडे शौक से मेरा घर जलाओ, कोई आंच तुझ पर न आयेगी।

## जिला उपाध्यक्ष अरसद के बनने पर सपाइयों ने फूल-मालाओं से किया स्वागत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने सपा कार्यालय में अरसद खान, लाल बहादुर निषाद व जनार्दन पटेल को जिला उपाध्यक्ष नामित करने पर फूल-मालाओं से स्वागत किया।

गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि अरसद खान के दुबारा उपाध्यक्ष बनाए जाने पर युवाओं में भारी जोश है। आने वाले चुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी। लालबहादुर निषाद को तिरहार क्षेत्र से पदाधिकारी बनाए जाने से यमुना की तराई के इलाके में पार्टी को मजबूती मिलेगी।

इस मौके पर सदर विधायक अनिल प्रधान, महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, मो गुलाब खान, राजा यादव, गोपीचंद्र यादव, राजेंद्र यादव, राजकिशोर विश्वकर्मा, उमाकांत यादव, मंगल यादव, विनय, चंदन कोटार्य, फूलचंद्र यादव समेत सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कमिश्नर ने डीएम के साथ लगाया हरिशंकरी का पौधा, तालाब का करायें सुन्दरीकरण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त आरपी सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतलाल कौर ने नगर पालिका परिषद कर्वी के खोही के बड़ा तालाब में श्री कामदनन्दन वन में बरगद, पीपल, पाकड़ (हरिशंकरी) के पौधे रोपित किये।

गुरुवार को मंडलायुक्त आरपी सिंह ने जिलाधिकारी से कहा कि ये तालाब कामदगिरि तीर्थ क्षेत्र के पास है। सुन्दरीकरण करायें। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि तालाब के सुंदरीकरण का प्रस्ताव बनाकर कार्य करायें। तालाब के भीटा से अवैध अतिक्रमण तत्काल एसडीएम कर्वी से मिलकर हटायें। मंडलायुक्त ने प्रभागीय वनाधिकारी डॉ एनके सिंह से कहा कि यहां पौधरोपण की अच्छे से देखभाल की जाए। तार फेंसिंग करायें, ताकि पौधे सुरक्षित रहें। जन औषधि ब्लॉक, ऋषि-मुनियों, धार्मिक स्थलों के नाम से भी वन ब्लॉक बनाकर पौधरोपण करायें।

इस मौके पर एसडीएम सदर राजबहादुर, डीएफओ डॉ नरेंद्र सिंह, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, अरुण कुमार त्रिपाठी समेत संबंधित अधिकारी व जनता मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के दो वांछित दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ल के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में थाना प्रभारी बहिलपुरवा विजय बहादुर यादव की टीम ने दहेज हत्या के आरोपी शान मोहम्मद पुत्र छेदीलाल व छेदीलाल पुत्र अलीबक्श निवासी सेमरिया चरणदासी को गिरफ्तार किया है। टीम में प्रभारी थाना बहिलपुरवा विजय बहादुर यादव, दरोगा रामप्रवेश यादव, सिपाही शिवाशंकर, होलीकेन्द्र, महिला सिपाही आरती द्विवेदी शामिल रहे।

## इराक में स्वीडन के दूतावास पर हमला, उपद्रवियों ने लगाई आग; कुरान जलाए जाने की घटना से थे नाराज

**नई दिल्ली।** इराक के बगदाद में गुरुवार सुबह सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा हुए उपद्रवियों ने स्वीडन के दूतावास पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं भीड़ ने दूतावास में आग भी लगा दी। न्यूज एजेंसी



रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से इस घटना की जानकारी दी। बताया गया है कि हमले में दूतावास के स्टाफ को नुकसान नहीं पहुंचाया गया, हालांकि इससे आगे की जानकारी नहीं दी गई है। बताया गया है कि दूतावास पर यह हमला शिया धर्मगुरु मुकतदा सद्र के समर्थकों की ओर से प्रदर्शनों के बाद हुआ। सद्र के समर्थक स्वीडन में मुस्लिमों के पवित्र धर्मग्रंथ कुरान को जलाए जाने का विरोध कर रहे थे। गौरतलब है कि स्वीडन में कुरान जलाए जाने की घटना की पहले ही कई इस्लामिक देश आलोचना कर चुके हैं। इराक के एक लोकप्रिय टेलीग्राम चैनल 'वन बगदाद' जो कि मुकतदा सद्र का समर्थक माना जाता है, में देर रात (करीब 1 बजे) स्वीडन के दूतावास के बाहर जुटी भीड़ के कई वीडियो पोस्ट किए गए। इसमें कुछ उपद्रवियों को दूतावास में घुसते भी देखा गया। वीडियो में कुछ देर बाद दूतावास के परिसर से धुएं का गुबार उठते देखा जा सकता है। हालांकि, इन वीडियो की पुष्टि नहीं की जा सकी है। अभी यह भी साफ नहीं है कि हमले के वक्त दूतावास में कितने लोग मौजूद थे।

## जॉनसन एंड जॉनसन अदालत ने कहा- पाउडर की वजह से हुआ कैंसर, पीड़ित को 154 करोड़ रुपये मुआवजा देने का आदेश

**वाशिंगटन।** जॉनसन एंड जॉनसन को कैलिफोर्निया के एक कैंसर पीड़ित शख्स को 154 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। अमेरिका के ऑकलैंड में डिफॉल्ट स्टेट कोर्ट ने कंपनी को कैलिफोर्निया के व्यक्ति को जॉनसन बेबी के टैल्कम पाउडर से कैंसर होने का दोषी ठहराया गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि कंपनी के बेबी पाउडर की वजह से उसके स्वास्थ्य पर बुरा असर हुआ।अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि जे एंड जे के बेबी पाउडर की वजह से ही एंथोनी हर्नांडेज वैलाडेज (24) को मेसोथेलियोमा नामक कैंसर की बीमारी हुई थी। हर्नानडेज ने कहा है कि बचपन से ही कंपनी के टैल्कम पाउडर का इस्तेमाल करने से छाती के पास मेसोथेलियोमा कैंसर हो गया है। जॉनसन एंड जॉनसन प्रोडक्ट्स को लेकर पहले भी कई मामले आ चुके हैं जिसमें कंपनी को हर्जाना भरना पड़ा है।

**कंपनी की सफाई**

जे एंड जे के अधिकारियों ने कहा है कि कंपनी का बेबी पाउडर- स्पेशल सफेद बोतलों में बेचा जाता है। ऐसे में इसमें कभी भी एस्बेस्टस नहीं होता है। ये सुरक्षित है और कैंसर का कारण नहीं बन सकता है। अधिकारियों का कहना है कि वे मुकदमों की के साथ-साथ अरबों की कानूनी फीस और खर्चों से बचने के लिए एक समझौते की मांग कर रहे हैं।

## पाकिस्तानी पासपोर्ट का निकला दम: दुनिया भर में नीचे से चौथे पायदान पर आया, 33 देशों तक सिमटा वीजा फी ट्रैवल

**नई दिल्ली।** हेनले पासपोर्ट इंडेक्स ने सबसे ताकतवार पासपोर्ट की नई रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में सिंगापुर ने इस बार जापान को पछाड़ कर एक नंबर पर आ गया है। सूची के अनुसार, भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान का वीजा दुनिया का चौथा सबसे कमजोर पासपोर्ट है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, पहले पाकिस्तानी नागरिक 35 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते थे। मतलब 35 देशों में पाकिस्तानियों को ऑन-अराइवल वीजा सुविधाएं उपलब्ध थी। हालांकि, नई रिपोर्ट के बाद, ऑन-अराइवल वीजा की सुविधा घटकर 33 देशों तक सिमट कर रह गई है। पाकिस्तान के अलावा अफगानिस्तान (27 देशों) , इराक (29 देशों) और सीरिया (30 देशों) में ऑन-अराइवल वीजा की सुविधा उपलब्ध है। वहीं, सिंगापुर की जनता के 193 देशों में ऑन-अराइवल वीजा की सुविधा उपलब्ध है।

# ब्यूटी पार्लरों पर रोक के तालिबानी आदेश के खिलाफ सड़कों पर उतरीं महिलाएं

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबानी शासन की वापसी के बाद से महिलाओं के अधिकारों को कुचलने और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बनाने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। तालिबान के अब इस्लामिक अमीरात शासन ने राजधानी काबुल सहित देश के सभी प्रांतों में महिला ब्यूटी पार्लरों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दियाहै। हालांकि इस तालिबानी आदेश के खिलाफ महिलाएं काबुल की सड़कों पर निकलीं और जमकर नारेबाजी की।

टोलो न्यूज के मुताबिक अफगानिस्तान में ब्यूटी पार्लरों पर प्रतिबंध के खिलाफ काबुल में दर्जनों महिला मेकअप आर्टिस्ट्स ने प्रदर्शन किया। काबुल के शार-ए-नॉ इलाके में किए गए इस



प्रदर्शन के दौरान महिला प्रदर्शनकारियों ने ख्खाना, काम और न्याय% के नारे लगाए। इन प्रदर्शनकारियों में शामिल मारवा ने कहा कि आखिरकार उन महिलाओं का अपराध क्या है जिन्हें स्कूल, विश्वविद्यालय और हर बुनियादी अधिकारों से वंचित कर दिया गया है।

इन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ज्यादातर महिलाएं ब्यूटी पार्लर के जरिये अपने-अपने परिवार संभाल रही हैं। इनका कहना है कि सरकार के आदेश के मुताबिक ब्यूटी पार्लरों पर यह प्रतिबंध जारी रहता है तो बड़ी संख्या में महिलाएं बेरोजगार हो जाएंगी। इनका कहना है कि प्रतिबंध हटाने के लिए आगे भी विरोध प्रदर्शन होगा। महिला अधिकार कार्यकर्ता तफसीर सिया पॉश ने के मुताबिक अंतरिम सरकार द्वारा महिलाओं पर प्रतिबंध हर दिन बढ़ाया गया है। उन्हें उम्मीद है कि इस्लामिक अमीरात अफगानिस्तान के नागरिकों और विशेषकर महिलाओं के सभी प्रकार के अधिकारों की तरफ ध्यान देगा।

## दक्षिण अल्जीरिया में भीषण सड़क हादसा, 34 लोगों की मौत




**नई दिल्ली।** दक्षिणी अल्जीरिया में तड़के बस और पिकअप ट्रक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में 34 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हुए हैं। अल्जीरियाई नागरिक सुरक्षा सेवा (एसीपीएस) ने यह जानकारी दी है। एसीपीएस की ओर से बताया गया है कि यह भीषण हादसा राजधानी अल्जीयर्स से लगभग 1,500 किमी (930 मील) दक्षिण में तमनरासेट शहर में सुबह 4 बजे के आसपास हुआ। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। भीषण आग की चपेट में आने से उसमें सवार 34 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 12 घायलों को अग्निशमन सेवा के कर्मचारियों ने नजदीकी अस्पताल में भिजवाया।

# नेपाल में सोने की तस्करी में सक्रिय हैं चीनी नागरिक, हांगकांग से लाया गया करीब 100 किलो सोना जब्त

**काठमांडू।** नेपाल में सोना तस्करों के नेटवर्क का राज खुल रहा है। पिछले तीन महीने में बड़ी मात्रा में सोना मिलने से तस्करी में शामिल लोगों की धरपकड़ शुरू हो गई है। जिसमें चीनी नागरिकों की संलिप्तता का खुलासा हुआ है।

रात नेपाल के राजस्व जांच विभाग ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से सबसे अधिक मात्रा में सोना बरामद किया है। हालांकि विभाग ने सोने की मात्रा की पुष्टि कर दी है और गुरुवार को इसकी जानकारी देगा। अनुमान है कि यह करीब 100 किलो है। तस्कर हांगकांग से सोना लाए थे। राजस्व जांच विभाग के सूचना अधिकारी नवराज अधिकारी ने कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि इसमें कौन-कौन शामिल है और सोना किसे मिला। उन्होंने से कहा, 'सोने की तस्करी में शामिल कस्टम एजेंटों को गिरफ्तार कर लिया गया है, धीरे-धीरे सच्चाई सामने आ रही है।' अधिकारी ने बताया कि सोना ब्रेक शू में छिपाकर लाया गया था।

उन्होंने कहा कि सोना नेपाल की एक फर्म से खरीदा गया था और इसका खुलासा नहीं किया



जा सकता क्योंकि इसकी जांच चल रही है। जब उनसे सोने की तस्करी में विदेशियों की संलिप्तता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, धीरे-धीरे इसका खुलासा हो जाएगा। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, चीनी नागरिक सोने की तस्करी में शामिल हैं।

हाल ही में नेपाल में बड़ी मात्रा में सोने की तस्करी का खुलासा हुआ है। 25 दिसंबर, 2022 को आधुनिक सिगरेट वेप में बड़ी मात्रा में सोना छिपा हुआ पाया गया था। नेपाल के पूर्व स्पीकर कृष्ण बहादुर महरा का नाम भी सोने की तस्करी से जुड़ा था। जिसमें माओवादी सेंटर के लीडर रहे महरा के बेटे राहुल महरा पर भी जांच बढ़ा दी गई। वेप में सोना छिपाकर रखे जाने की घटना में चीनी नागरिक शामिल थे।

खुलासा हुआ है कि वेप में सोना छिपाए जाने की घटना में चीनी नागरिक लुई वांग डाओजिंग शामिल था। वह कस्टम अधिकारियों के साथ मिलकर सोने की तस्करी कर रहा था।

हाल ही में नेपाल में सोने की तस्करी में चीनी नागरिकों की संलिप्तता बढ़ी है। वे हांगकांग और चीन के विभिन्न स्थानों से सोने की तस्करी करते थे और त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से भारत में पहुंचाते थे।

## ब्रिटेन जारी करेगा महाराजा चार्ल्स तृतीय के नाम पर पहला पासपोर्ट

**लंदन।** ब्रिटेन में पहली बार महाराजा चार्ल्स तृतीय के नाम पर इस सप्ताह से पासपोर्ट जारी किए जाएंगे। ब्रिटेन के शाही इतिहास में 70 साल में पहली बार इसमें बदलाव किया गया है। अब ब्रिटिश पासपोर्ट के शीर्षक में 'हर मैजेस्टी' के स्थान पर 'हिज मैजेस्टी' अंकित होगा।

ब्रिटेन की गृहमंत्री सुएला ब्रावरमैन ने पासपोर्ट के नए डिजाइन का अनावरण किया। पिछले साल सितंबर में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मृत्यु के बाद पासपोर्ट पर हर मैजेस्टी की जगह परिवर्तन किया गया था। यहां की प्रथा के अनुसार 74 वर्षीय महाराजा के पास कोई पासपोर्ट नहीं है, क्योंकि यह दस्तावेज उनके नाम पर जारी होता है। सुएला ब्रावरमैन ने कहा कि आज का दिन ब्रिटेन के इतिहास में उल्लेखनीय क्षण है, क्योंकि 1952 के बाद पहली बार ब्रिटिश पासपोर्ट की शुरुआत



शीर्षक हिज मैजेस्टी से होगी। गृह मंत्रालय का पासपोर्ट कार्यालय अपने इतिहास में नए युग में प्रवेश कर रहा है।

## अमेरिका ने यूक्रेन के लिए नई सैन्य सहायता की घोषणा की, रूसी आक्रामकता का जवाब देने की तैयारी

**मास्को।** रूस की आक्रामकता का जवाब देने के लिए अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 1.3 बिलियन डॉलर के सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की। इसमें वायु रक्षा प्रणाली और हमलावर ड्रोन शामिल हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग के अनुसार, सैन्य पैकेज में सतह से हवा में मार करने में समक्ष में चार उन्नत मिसाइल सिस्टम (ह्ळ्स्ट्स), मध्यम दूरी की वायु रक्षा बैटरियां शामिल हैं। इससे यूक्रेन को मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना करने में मदद मिलेगी। इस रक्षा प्रणाली का उपयोग अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी और इसके आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा के लिए किया जाता है।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह यूएसएआई पैकेज यूक्रेन की युद्ध आवश्यकताओं को पूरा करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही यूक्रेन के सशस्त्र बलों की अपने क्षेत्र की रक्षा करने और मध्य और दीर्घकालिक अवधि में रूसी आक्रामकता को रोकने की स्थायी क्षमता का निर्माण भी करता है।

नया सैन्य पैकेज के तहत अमेरिका कुल 12 ह्ळ्स्ट्स यूक्रेन को देगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने पिछले नवंबर में कहा था कि ह्ळ्स्ट्स के जरिए रूसी हमलों को रोकने में 100 प्रतिशत सफलता मिली है। इससे पहले मंगलवार को, लॉयड ऑस्टिन ने यूक्रेन को सहायता प्रदान करने वाले देशों के साथ बैठक के बाद कहा था कि हम रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की हरसंभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले काला सागर अनाज समझौते का विस्तार करने की मॉस्को की मांगों का अनुपालन करने में विफलता पर पश्चिम की आलोचना की और कहा कि अगर समझौते की सभी शर्तें पूरी होती हैं तो रूस समझौते पर लौटने पर विचार करेगा।

पुतिन ने दावा किया कि मॉस्को ने पूर्व में समझौते को लगातार आगे बढ़ाकर धीरज और सहिष्णुता के साथ काम किए उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों ने अनाज समझौते को पटरी से उतारने के लिए सब कुछ किया है, उन्होंने अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पुतिन ने आरोप लगाया कि रूस को सबसे गरीब देशों को उर्वरक देने से रोका गया।रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले माह दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भाग लेंगे। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने यह जानकारी दी। उन पर पश्चिमी देशों द्वारा पुतिन की गिरफ्तारी का दबाव था।

# सिंगापुर के परिवहन मंत्री एस ईश्वरन से सीपीआईबी ने की लंबी पूछताछ

**सिंगापुर।** सिंगापुर के

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।



निदेशक ओंग बेंग सेंग को 11 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। सीपीआईबी ने पिछले सप्ताह कहा था कि दोनों जांच में सहायता कर रहे हैं। इसके बाद दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। जमानत की शर्तों के तहत दोनों के पासपोर्ट जब्त कर लिए गए थे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने पिछले सप्ताह कहा था कि प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने ईश्वरन को जांच पूरी होने तक अवकाश लेने का निर्देश दिया है।


वह इस अवधि के दौरान सिंगापुर में ही रहेंगे और आधिकारिक संसाधनों तथा सरकारी भवनों का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

होटल प्रॉपर्टी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ओंग (77) मूलरूप से मलेशिया से हैं। वह सिंगापुर में रहते हैं। वह रेस प्रमोटर सिंगापुर जीपी के अध्यक्ष हैं। वह हर साल मरीना बे स्ट्रीट सर्किट में एफ1 नाइट रेस का आयोजन करते हैं।

# अमेरिका ने कहा, पहले से ज्यादा मजबूत हुए भारत के साथ रिश्ते

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने कहा है कि भारत के साथ उसके रिश्ते पहले से ज्यादा मजबूत हुए हैं। अमेरिका ने पिछले दिनों भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा को इस मजबूती की राह में मील का पत्थर करार दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले महीने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण थी। भारत के साथ अमेरिका के संबंधों में पहले से अधिक मजबूती आई है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण



लक्ष्यों की घोषणा की थी, जिनमें से कुछ का क्रियान्वयन शुरू किया जा चुका है। प्रेस सचिव जीन ने कहा कि हम बहुत आशावादी हैं, क्योंकि कई घोषणाएं हमारे दीर्घकालिक भविष्य और भारत के साथ संबंधों से संबंधित है।

भारत के संबंधों में मधुरता आगे भी जारी रहेगी। भारत, इजराइल, अमेरिका और संयक्त अरब अमीरात (यूएई) देशों के समूह आई2यू2 से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह एक नया समूह है। इन चारों देशों के बीच पहले से ही गहरे रिश्ते हैं। चारों देशों के बीच मजबूत साझेदारी है। आई2यू2 के साथ अभी भी एक मजबूत भविष्य है। हम असल में भविष्य की संभावनाओं के बारे में उत्साहित हैं।